



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 25 मार्च 2026




# नए सत्र से खुल जाएगा मेडिकल कालेज, रेल लाइन पर भी होगा काम : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चिरमिरी

खास खबर

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि अगले कुछ दिनों में जिले में मेडिकल कॉलेज का टेंडर हो जाएगा और नए सत्र से मेडिकल की पढ़ाई शुरू भी हो जाएगी। साथ ही क्षेत्र में रेल लाइन का काम भी जल्द ही शुरू होगा। इसके लिए भूमि अधिग्रहण का काम पूरा हो गया है, फॉरेस्ट क्लीयरेंस भी हो जाएगा। 185 करोड़ से अधिक की पेयजल योजना की स्वीकृति केंद्र सरकार से मिल गई है, जल्द ही हर घर में शुद्ध पेय जल पहुंचेगा। चिरमिरी में आयोजित जिला संवाद में हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से विभिन्न मुद्दों पर बात की।

## चिरमिरी के जिला संवाद में हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने स्वास्थ्य मंत्री से किया संवाद

**सवाल:** योजनाओं को लागू करने में कितनी चुनौती होती है जबकि क्षेत्र भरतपुर सोनहत, चिरमिरी और महेंद्रगढ़ में बंटा हुआ है?

**जायसवाल :** जिला बहुत वृहद और सुंदर है। सबकी भागीदारी भी अलग-अलग है लेकिन खासियत है कि सब मिलकर काम करते हैं। योजनाओं की राशि तीनों क्षेत्रों में बराबर बांटी जाती है जिससे कि व्यवस्थित विकास हो सके। भाजपा सरकार की यही सोच भी रही है कि सबका साथ सबका विकास हो।



**सवाल :** विधानसभा में भारी जीत के बाद इस क्षेत्र से लोकसभा में हार कैसे हो गई?

**जायसवाल:** हर चुनाव में देखिए स्थितियां बदलती है परिस्थितियों बदलती हैं। लोकसभा चुनाव में कहीं कोई कमी रह गई होगी उसे अगली बार दूर कर लिया जाएगा। मनेंद्रगढ़ क्षेत्र में आठ में से सात विधानसभा में थोड़े-थोड़े वोटो से हार हुई जिसका असर रिजल्ट पर पड़ा। गोंडवाना पार्टी का पूरा वोट ध्रुवीकरण होकर कांग्रेस के पक्ष में चला गया। हालांकि इसमें ▶▶| शेष पेज 7 पर

## 5 साल में जो काम कांग्रेस ने किया वह 50 सालों में नहीं हो सकता : डॉ. विनय

मनेंद्रगढ़ क्षेत्र के पूर्व कांग्रेसी विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस के 5 साल में जितने कम हुए हैं, वह 50 सालों में कोई नहीं कर सकता। एमसीबी जैसा बड़ा जिला बनाने का काम कांग्रेस ने किया है जबकि इस मुद्दे को छूने की हिम्मत कोई राजनीतिक दल नहीं कर रहा था। मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति भी हमने ही दिलवाई थी। 5 साल में से 3 साल काम करने का मौका मिला जबकि 2 साल कोरोना में बीत गया। इसके बावजूद कई काम स्वीकृत किए गए जिसमें से कई पूरे भी हुए। ▶▶| शेष पेज 7 पर

# नक्सलवाद का बड़ा कांटा निकला, 17 साथियों के साथ पापाराव ने डाले हथियार

*बस्तर से वामपंथी उग्रवाद के खात्मे के लिए पुलिस के मिशन 2026 द एण्ड गेम शुरू होने के बाद घबराए पापाराव ने नक्सलवाद के खात्मे की डेडलाइन से सप्ताह भर पहले समर्पण कर दिया। 40 लाख का इनामी पापाराव अपने 17 साथियों के साथ हथियार डाल दिया है। समर्पण करने वालों में सात महिला कैडर भी शामिल इन सभी पर एक करोड़ रुपए से अधिक का इनाम घोषित था। जल्द ही पुलिस इन नक्सलियों के समर्पण की औपचारिकता पूरी करेगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

केन्द्र सरकार ने 31 मार्च तक नक्सलवाद के समूल खात्मे का ऐलान किया है। इसमें अभी एक सप्ताह बाकी है लेकिन इससे पहले ही 40 लाख का इनामी किस्टाराम निर्मलगुड़ा निवासी एसजेडसीएम मेंबर व दक्षिण सब जोनल ब्यूरो प्रमुख पापाराव कुड़म उर्फ सुन्नम चंद्रैया उर्फ मंगू दादा उर्फ चन्द्रना ने अपने 17 साथियों के साथ हथियार डाल दिया है। समर्पण करने वाले नक्सलियों में 8-8 लाख के इनामी डीवीसीएम प्रकाश मड़वी व अनिल ताती भी शामिल है।

आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया ▶▶| शेष पेज 7 पर



## दंडकारण्य क्षेत्र हुआ नेतृत्वहीन

आईजी ने कहा कि पापाराव व अन्य 17 नक्सलियों के समर्पण से दंडकारण्य क्षेत्र में माओवादी आंदोलन के इतिहास में पहली बार नक्सल संगठन प्रभावी रूप से नेतृत्वविहीन हो गया है। सरकार की परिकल्पना और क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से रही आकांक्षा के अनुरूप बस्तर अब एक नई ऊर्जा, नए उत्साह और सकारात्मक पहचान के साथ और अधिक सशक्त होकर उभरने की दिशा में अग्रसर है।

## 31 मार्च तक खत्म होगा नक्सलवाद

*नक्सली कमांडर पापा राव के समर्पण पर सीएम विष्णुदेव ने अपने बयान में कहा कि 31 मार्च तक नक्सलवाद खत्म होगा। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के दृढ़ संकल्प के चलते देश में नक्सलवाद के खिलाफ अभियान तेज हुआ है और इसका असर अब साफ नजर आ रहा है। सीएम साय ने कहा कि नक्सलवाद खत्म करने की डेडलाइन 31 मार्च 2026 अब बहुत नजदीक है। ऐसे में यदि पापाराव जैसे बड़े नक्सली कमांडर सरेंडर कर* ▶▶| शेष पेज 7 पर

नहीं बिकेंगे अंडे, बंद रहेंगी दुकानें

# बिलासपुर में बर्ड फ्लू की पुष्टि हाई अलर्ट पर 10 किमी क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हरिभूमि सरोकार

शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र कोनी में बीते दिनों 5 हजार मुर्गे व मुर्गियों की मौत होने के बाद कारणों का पता लगाने भोपाल भेजे गए सैंपल की जांच में बिलासपुर में बर्ड फ्लू फैलने की पुष्टि कर दी गई है। इस रिपोर्ट के साथ ही शहर के चारों ओर दस किलोमीटर के क्षेत्र को हाई अलर्ट पर रखा गया है। कोनी स्थित प्रक्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में रखे गए सारे मुर्गे, मुर्गियों, चूजे एवं अंडों को पूरी तरह नष्ट करने की कार्रवाई की जाएगी।

जिले में बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लुएंजा) की पुष्टि होने के बाद प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में संक्रमण ▶▶| शेष पेज 7 पर






## 33 घरों में मुर्गीपालन, शेष का पता लगाने सर्वे

पशुपालन विभाग द्वारा हाल ही में पशु एवं पक्षियों की गणना के लिए डोर-टू-डोर सर्वे कराया गया था। इस सर्वे में शासकीय कुक्कट पालन प्रक्षेत्र कोनी से एक किलोमीटर के दायरे में 33 मकानों में मुर्गीपालन करने की जानकारी प्राप्त हुई थी। ऐसे में इन घरों में तत्काल प्राथमिकता के आधार पर संक्रमित मुर्गियों को तत्काल नष्ट किया जा सकेगा। मुर्गे-मुर्गियां व चूजे व अंडे रखने वालों का पता लगाने डोर टू डोर सर्वे कर उनके नष्टीकरण की कार्रवाई भी की जाएगी।

## की गई है बर्ड फ्लू की पुष्टि

भोपाल स्थित संस्थान मध्य भारत में मुर्गे व मुर्गियों में बर्ड फ्लू के संक्रमण की जांच करने वाला एकमात्र संस्थान है। उक्त संस्थान ने कुक्कुट प्रक्षेत्र कोनी में बर्ड फ्लू से ही मुर्गियों की मौत होने की पुष्टि कर दी है। ऐसे में शहर को हाई अलर्ट मोड में रखा गया है। प्रक्षेत्र के एक किलोमीटर दायरे वाले मुर्गे, मुर्गियों चूजे व अंडों को पूरी तरह नष्ट किया जाएगा।

-जीएस तंवर, संयुक्त संचालक, पशुपालन विभाग

# इच्छामृत्यु... पहला केस, रुलाकर विदा हुआ राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली


भारत में निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति पाने वाले पहले व्यक्ति हरीश राणा का 13 साल से अधिक समय तक कोमा में रहने के बाद एम्स-दिल्ली में मंगलवार को निधन हो गया। राणा (31)



को 14 मार्च को गाजियाबाद स्थित उनके घर से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के डॉ. बीआर आंबेडकर इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल की उपशामक देखभाल इकाई में स्थानांतरित किया गया था। 11 मार्च को उच्चतम न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में हरीश राणा के लिए निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी थी।

## क्या है निष्क्रिय इच्छामृत्यु

निष्क्रिय इच्छामृत्यु का अर्थ है कि मरणासन्न या लाइलाज बीमारी से जूझ रहे किसी मरीज को जीवित रखने वाली चिकित्सा सहायता को रोकने या जीवन रक्षक प्रणाली को हटाने की अनुमति देना, ताकि उसकी स्वाभाविक रूप से मौत हो सके। उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद राणा के परिवार ने कहा था कि कृत्रिम जीवन रक्षक उपकरण हटाने से परिवार को व्यक्तिगत रूप से कोई लाभ नहीं होगा।




## सेंसेक्स 1,372 अंक चढ़ा, निफ्टी मजबूत

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1,372 अंक उछल गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 400 अंक की बढ़त रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,372.06 अंक यानी 1.89 प्रतिशत चढ़कर 74,068.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,793 अंक तक चढ़ गया था।

## गुजरात विस में यूसीसी विधेयक को मंजूरी


**गांधीनगर।** गुजरात विधानसभा ने मंगलवार को सात घंटे से अधिक चली बहस के बाद समान नागरिक संहिता विधेयक पर अपनी मुहर लगा दी। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य द्वारा नियुक्त एक समिति द्वारा यूसीसी के कार्यान्वयन पर दाखिल अंतिम रिपोर्ट के एक सप्ताह बाद मंगलवार सुबह इस विधेयक को सदन में पेश किया।



## राजकोट में 3.2 तीव्रता का भूकंप आया

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट जिले में मंगलवार को 3.2 तीव्रता का भूकंप आया, लेकिन इसमें जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। गांधीनगर स्थित भूकंपीय अनुसंधान संस्थान के अनुसार, भूकंप का झटका शाम 5.41 बजे दर्ज किया गया, जिसका केंद्र राजकोट से लगभग सात किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपश्चिम में 15 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। स्थानीय निवासियों ने कहा कि भूकंप के झटकों का पता नहीं चला।




छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25
दीनदयाल उपाध्याय
भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
4.95 लाख से अधिक हितग्राहियों के बैंक खाते में
₹495.96 करोड़
आदान राशि वितरण कार्यक्रम
25 मार्च 2026
दोपहर 12:00 बजे
पं. चक्रपाणि शुक्ल हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान, बलौदाबाजार
जिला: बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
बजट 2026-27 में ₹600 करोड़ का प्रावधान
भूमिहीन कृषि मजदूरों को दी जा रही ₹10,000 प्रति वर्ष की आर्थिक सहायता
वर्ष 2025 में 5.62 लाख से अधिक हितग्राहियों के खातों में ₹562.11 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित
22,028 बैगा-गुनिया परिवारों को भी मिल रहा लाभ
साय सरकार में मेहनतकश हाथों को मिल रहा संबल, सुरक्षा और सम्मान
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

रायपुर

बुधवार 25 मार्च 2026

चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी

वर्ष : 24, अंक : 243

पृष्ठ : 14+4+4 =22, मूल्य : 5 .00**

मौसम

अधि. 37.1

न्यून. 21.6

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


# शौकीनों के लिए खुशखबरी...देशी शराब का रेट नहीं बढ़ेगा, अंग्रेजी पर सस्पेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में देशी शराब पीने-पिलाने के शौकीनों के लिए ये खबर सूकून देने वाली है कि इस साल पहली अप्रैल से लेकर अगले एक साल तक राज्य में देशी शराब की कीमत नहीं बढ़ने वाली है, लेकिन अंग्रेजी शराब के मामले में फिलहाल सस्पेंस है। अगले तीन-चार दिनों में साफ होगा कि अंग्रेजी के रेट बढ़ेंगे या नहीं। कल 25 तारीख को इसके रेट ऑफर खुलने वाले हैं। देशी शराब के रेट नहीं बढ़ेंगे यह तथ्य इस जानकारी पर आधारित है कि आबकारी विभाग द्वारा 1 अप्रैल से शुरू हो रहे नए वित्तीय वर्ष के लिए शराब के नए रेट ऑफर बुलाए गए थे। सूत्रों के अनुसार इसमें पांच कंपनियों ने हिस्सा लिया था। इन कंपनियों ने अपने-अपने रेट दिए हैं। बताया गया है कि पिछले साल जो रेट प्रचलित थे, उसी प्रकार के रेट आए हैं। आबकारी विभाग ने प्रस्तावित रेट पर निगोसिएशन (मोल-भाव) भी किया है। इसी आधार पर कहा जा रहा है कि देशी के रेट नहीं बढ़ रहे हैं। आबकारी विभाग ने इस संबंध में शासन को भी जानकारी भेजी है।

## देशी का रेट ऑफर खुला, पांच कंपनियां आईं पर रेट पुराना

### देशी-विदेशी के लिए ग्लोबल टेंडर, आए 90 ब्रांड

इधर राज्य में अंग्रेजी और विदेशी शराब के लिए रेट आफर बुलाए जा चुके हैं। इस सौदे के लिए ग्लोबल टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। बताया गया है कि इस टेंडर में 90 ब्रांड के लिए कई देशों की कंपनियों ने रेट ऑफर दिया है। आबकारी विभाग 25 मार्च को रेट ऑफर पर ▶▶| शेष पेज 7 पर



### प्लास्टिक का ढक्कन लिखा होगा सीजीएक्साइज

राज्य सरकार पहले ही निर्णय ले चुकी है कि 1 अप्रैल से शराब की बिक्री फाइबर की बोतल में होगी। यह अनिवार्यता देशी और अंग्रेजी शराब के लिए होगी। हालांकि अंग्रेजी और विदेशी के लिए कांच की बोतल में भी बेचने का प्रावधान रखा गया है, लेकिन इससे अलग अब रेट ऑफर की शर्तों में बदलाव के ▶▶| शेष पेज 7 पर

हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

## खाली पदों पर वेटिंग लिस्ट से होगी आरक्षकों की भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने पुलिस भर्ती प्रक्रिया और वेटिंग लिस्ट को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने राज्य शासन को आदेश दिया है कि ज्वाइनिंग के बाद खाली रह गए पदों को वेटिंग के उम्मीदवारों से भरा जाए।

प्रदेश में पुलिस भर्ती विवाद पर हाईकोर्ट ने प्रतीक्षा सूची के उम्मीदवारों को बड़ी राहत दी है। पुलिस भर्ती के नतीजे आने के बाद उम्मीदवारों ने इस पर सवाल उठाया। इसके साथ ही नतीजे को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। एक ही अभ्यर्थी के कई जिलों में चयन के मामले में कोर्ट ने सुनवाई की। ▶▶| शेष पेज 7 पर

### राज्य सरकार को दिया निर्देश

कोर्ट ने अपने फैसले में राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति देने और उनके कार्यभार ग्रहण करने के बाद शेष रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू करें। उसके बाद कानून के अनुसार प्रतीक्षा सूची के उम्मीदवारों से उनकी श्रेणी के अनुसार रिक्त पदों को भरें। इस आदेश के साथ कोर्ट ने याचिका को निराकृत कर दिया है।

धर्मांतरण के मामले में सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

## हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म छोड़ दूसरा धर्म अपनाने पर एससी का दर्जा खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म का पालन करने वाले व्यक्ति को अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि अनुसूचित जाति (एससी) समुदाय से संबंधित व्यक्ति, किसी अन्य धर्म को अपनाकर एससी का दर्जा तुरंत और पूरी तरह खो देता है। पीठ ने कहा, ऐसे किसी भी व्यक्ति को धारा तीन के अनुसार अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जाता। उसे संविधान या संसद या राज्य विधानमंडल के किसी कानून के तहत कोई भी वैधानिक लाभ, संरक्षण या आरक्षण नहीं दिया जा सकता। यह पूरी तरह प्रतिबंधित है और इसमें कोई अपवाद नहीं है। कोई व्यक्ति धारा तीन में उल्लेखित धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म का पालन करते ▶▶| शेष पेज 7 पर



### क्या है मामला

*यह मामला विशाखापट्टनम जिले के अनाकापल्ली का है, जहां मूल रूप से एससी (माला समुदाय) के चिंथदा ने ईसाई धर्म अपना लिया और पादरी बन गया। कुछ दिन बाद गुंटूर जिले के कोथापलेम में रहने वाले अक्कला रामी रेड्डी नाम के शख्स पर चिंथदा ने आरोप लगाया कि अक्कला ने उसे जातिसूचक गालियां दी हैं। चिंथदा ने एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करवाया था।*

### कोर्ट ने फैसले में क्या कहा?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 में स्पष्ट किया गया है कि 1950 के आदेश के खंड 3 में निर्दिष्ट किसी भी धर्म को छोड़कर दूसरा धर्म अपनाने पर अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत समाप्त हो जाता है। अदालत ने कहा, वर्तमान मामले में, याचिकाकर्ता का दावा है कि उसने ईसाई धर्म छोड़कर अपना मूल धर्म अपना लिया है या उसे मदिगा समुदाय में फिर से स्वीकार कर लिया गया है। इसने कहा, इसके विपरीत, सबूत यह साबित करते हैं कि याचिकाकर्ता ईसाई धर्म का पालन करता रहा।

### स्थायी कमीशन से वंचित महिला अधिकारी पूर्ण पेंशन लाभ की हकदार

इधर, सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय में व्यवस्था दी कि मनमाने मूल्यांकन के चलते स्थायी कमीशन से वंचित की गईं भारतीय सशस्त्र बलों की 'शॉर्ट सर्विस कमीशन' प्राप्त महिला अधिकारी पूर्ण पेंशन लाभ की हकदार हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने फैसला सुनाया कि इन अधिकारियों के संबंध में पेंशन के लिए आवश्यक न्यूनतम 20 वर्ष की अर्हता सेवा पूरी कर ली गई 'मानी' जाएगी, भले ही उन्हें इस अवधि से पहले सेवा से मुक्त कर दिया गया हो।

*अमेरिका-इजरायल की ईरान से जंग के बीच पहली बार हुई चर्चा*

# ट्रंप ने पीएम मोदी से की बात होर्मुज स्ट्रेट पर बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच पश्चिम एशिया संकट पर अहम बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने खास तौर पर होर्मुज जलडमरूमध्य पर भी चिंता जताई। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य का खुला, सुरक्षित और सुगम बने रहना पूरी दुनिया के लिए बेहद जरूरी है। इधर, पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया के हालात पर राज्यसभा में मंगलवार को 21 मिनट तक अपनी बात रखी। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत और अमेरिका के बीच उच्च स्तर पर अहम बातचीत हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर बात कर क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। खास तौर पर होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने की जरूरत पर दोनों नेताओं ने गंभीरता से विचार किया, क्योंकि यह वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत और अमेरिका के बीच उच्च स्तर पर अहम बातचीत हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप से ▶▶| शेष पेज 7 पर

- दोनों नेताओं ने होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखने की अहमियत पर दिया जोर

### ट्रंप ने बातचीत का किया था दावा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बातचीत के एक दिन पहले दावा किया था कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत हो रही है और कई मुद्दों पर सहमति बनने की स्थिति है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष समझौता चाहते हैं और अगर बातचीत सही दिशा में आगे बढ़ी तो कुछ ही दिनों में समाधान निकल सकता है।



### अमेरिका से बातचीत को तैयार मोजतबा!

खबर है कि ईरानी सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई अमेरिका के साथ बातचीत के लिए तैयार है। खामेनेई ने युद्ध को ईरान की शर्तों के अनुसार जल्द खत्म करने पर सहमति जताई है। अल अरबिया की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ को गुप्त रूप से बताया कि सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने वार्ता के लिए अनुमति दी है।

### पीएम मोदी ने क्या कहा?

बातचीत के दौरान भारत ने तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने की जरूरत पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य का खुला, सुरक्षित और सुगम बने रहना पूरी दुनिया के लिए बेहद जरूरी है। दोनों नेताओं ने क्षेत्र में स्थिरता और शांति के प्रयासों को लेकर संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई।

### ईरान ने इजरायल और अरब देशों को निशाना बनाया

ईरान ने मंगलवार को इजरायल और खाड़ी के अरब देशों को निशाना बनाकर लगातार हमले करना जारी रखा और इस दौरान उसकी एक मिसाइल तेल अवीव के मध्य में स्थित सड़क पर गिरी। हालांकि, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका युद्ध समाप्त करने के लिए इस्लामिक गणराज्य ईरान के साथ बातचीत कर रहा है। ट्रंप ने ईरान को दी गई वह समय सीमा भी आगे बढ़ा दी जिसके तहत होर्मुज जलडमरूमध्य को जहाजों के लिए नहीं खोलने पर ईरान के बिजली संयंत्रों को हवाई हमलों में निशाना बनाने की चेतावनी दी गई है।

### संसद में बोले पीएम मोदी, जंग जारी रही तो होंगे गंभीर नतीजे

इधर, राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अमेरिका-इजरायल की ईरान से जंग जारी रही तो इसके दुष्परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में हमारे जहाज और भारतीय क्रू फंसे हुए हैं। ये चिंताजनक है। हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। गैस-तेल, फर्टिलाइजर्स जैसे जरूरी सामान की सप्लाई पर असर पड़ा है। पीएम मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में छिड़े वर्तमान संघर्ष के कारण उत्पन्न स्थिति से निबटने के लिए सात नये समूहों का गठन किया गया है, जो एलपीजी, आवश्यक सेवाओं एवं वस्तुओं की आपूर्ति एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अन्य विषयों का नियमित आकलन कर सुझाव देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और इसके कारण भारत के सामने आई चुनौतियों पर राज्यसभा में अपनी ओर से वक्तव्य देते हुए कहा कि तीन सप्ताह से अधिक समय हो चुका है तथा इस युद्ध ने विश्व में गंभीर ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए भी यह स्थिति चिंताजनक है। इस युद्ध से हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। इससे पेट्रोल, डीजल, गैस और उर्वरक जैसे जरूरी सामान की नियमित आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

### सर्वदलीय बैठक आज

सरकार ने पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा करने के लिए बुधवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। यह बैठक बुधवार शाम पांच बजे बुलाई गई है। कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दल पश्चिम एशिया युद्ध और इसके भारत पर प्रभाव को लेकर सरकार से लगातार सवाल कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### सोनिया सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को मंगलवार देर शाम राष्ट्रीय राजधानी के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने बताया कि मौसम में बदलाव के कारण उनकी तबीयत खराब हो गई थी और उन्हें निगरानी में रखा गया है। चिकित्सकों की एक टीम उनका उपचार कर रही है, लेकिन उनके मुताबिक कोई गंभीर समस्या नहीं है।

### लालू को बड़ा झटका कोर्ट से नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव को मंगलवार को एक बड़ा झटका लगा, जब दिल्ली उच्च न्यायालय ने उनके और उनके परिवार से जुड़े 'जमीन के बदले नौकरी' मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दर्ज प्राथमिकी रद्द करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा ने पूर्व रेल मंत्री एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री यादव की याचिका खारिज कर दी।

### 500 रुपए उधार न चुकाने पर कर दी हत्या

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात जिले में एक शादी समारोह के दौरान 500 रुपए के विवाद को लेकर 16 साल के एक लड़के ने कथित तौर पर चाकू से हमला कर 15 वर्षीय अपने सहपाठी की हत्या कर दी। मृतक की पहचान सत्यम निषाद (15) के रूप में हुई है। दोनों लड़के एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे, जहां आरोपी ने सत्यम को रोका और उससे कुछ महीने पहले लिए गए 500 रुपये के उधार के बारे में पूछा।

## युवा छत्तीसगढ़ में बढ़ रही बुजुर्गों की संख्या, इस साल 60 प्लस की संख्या दस फीसदी से ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर



छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 साल में पहुंचकर युवा छत्तीसगढ़ बन गया है, लेकिन इस राज्य में अब 60 वर्ष से अधिक आयु वाले उम्रदराज लोगों की संख्या बढ़ रही है। राज्य में 60 वर्ष से अधिक जनसंख्या वर्ष 2011 के मुकाबले 2026 में 10.5 प्रतिशत पहुंच गई है। जनसांख्यिकी संरचना के हिसाब से यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण संकेतक है। यह स्थिति राज्य में वृद्ध जनसंख्या के बढ़ते हुए अनुपात को दर्शाती है, जो सामाजिक विकास के साथ-साथ शासन व्यवस्था के लिए एक उभरती हुई प्राथमिक चुनौती है एवं दायित्व की ओर इंगित करती है। आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय छत्तीसगढ़ ने यह रिपोर्ट सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण में पेश की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह तथ्य जीवन प्रत्याशा में वृद्धि तथा स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार का परिचायक है, लेकिन ▶▶| शेष पेज 7 पर

### एक नजर किशोर और युवाओं पर

एक तरफ जहां राज्य में 60 साल से अधिक आयु वालों की संख्या राज्य में बूढ़ों की संख्या बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर ये देखना भी जरुरी है कि राज्य में किशोर आयु वालों और युवाओं की संख्या कहां तक जा पंहुची है। जनसांख्यिकी के आंकड़ों के मुताबिक 2026 में अनुमानित रूप से किशोरों की संख्या 17.49 प्रतिशत तथा युवाओं की संख्या 26.24 प्रतिशत है।

## आज से खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स, छग समेत ओडिशा, झारखंड और असम से 100 से अधिक खिलाड़ी लेंगे हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में आज खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की शुरुआत होने जा रही है। सांइस कॉलेज मैदान पर शाम को भव्य शुभारंभ होगा, जिसमें खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया शामिल होंगे। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में 30 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हिस्सा लेंगे और कुल नौ खेलों का आयोजन होगा। तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, वेटलिफ्टिंग और कुश्ती में पदक दिए जाएंगे, जबकि मल्लखंब और कबड्डी प्रदर्शन खेल के ▶▶| शेष पेज 7 पर

### तैयारियां पूरी छत्तीसगढ़ से उम्मीद अधिक

पहली बार खेलो इंडिया मेजबानी के साथ ही छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों से उम्मीद भी बढ़ गई है। प्रतियोगिता में लगभग 150 से अधिक खिलाड़ी विभिन्न खेलों में भाग ले रहे हैं। रायपुर में हॉकी और फुटबॉल का आयोजन होना है। दोनों में टीम का प्रदर्शन बेहतर रहा है। ऐसे में इस खेल से गोल्ड की उम्मीद अधिक बताई जा रही है। मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स भारतीय खेल इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा।

रेलवे ने बदला नियम, 1 अप्रैल से होगा लागू

## 8 घंटे के भीतर ट्रेन का टिकट कैंसिल तो डूब जाएगा पैसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रेलवे ने ट्रेन टिकटों के लिए रिफंड से जुड़े नियमों में बदलाव की घोषणा की है। रेल मंत्रालय ने टिकट कैंसिलेशन और बोर्डिंग स्टेशन बदलने के नियमों में बड़े बदलावों की घोषणा की है, जो 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे। नए नियमों के तहत अब कंफर्म टिकट को ट्रेन छूटने से कम से कम 8 घंटे पहले कैंसिल करने पर ही रिफंड मिल सकेगा। बता दें कि पहले यह समय सीमा 4 ▶▶| शेष पेज 7 पर

खास खबर

### 30 मिनट पहले तक बदल सकेंगे बोर्डिंग स्टेशन

यात्रियों के लिए एक अच्छी खबर यह है कि बोर्डिंग पॉइंट बदलने की समय सीमा बढ़ा दी गई है। अब आप ट्रेन छूटने के निर्धारित समय से मात्र 30 मिनट पहले तक अपना बोर्डिंग स्टेशन बदल सकेंगे।



### ट्रेन 3 घंटे से ज्यादा लेट तो पूरा रिफंड

रेलवे ने स्पष्ट किया है कि कुछ खास परिस्थितियों में रिफंड के पुराने नियम जारी रहेंगे। अगर ट्रेन पूरी तरह कैंसिल हो जाती है या अपने तय समय से 3 घंटे से ज्यादा लेट होती है, तो यात्री टीडीआर फाइल करके पूरा रिफंड क्लेम कर सकते हैं।

### रिफंड का नया गणित

- अब अगर आप अपनी यात्रा कैंसिल करना चाहते हैं, तो रिफंड पाने के लिए आपको ट्रेन के शेड्यूल डिपार्चर से कम से कम 8 घंटे पहले टिकट कैंसिल करना होगा।
- पहले यात्री 4 घंटे पहले तक टिकट कैंसिल कर रिफंड ले सकते थे, लेकिन अब देरी करने पर आपकी जमा राशि डूब सकती है।




KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

# BE SMART.

## Choose **KALINGA UNIVERSITY.**

Why are we the **First Choice** for **8000+ STUDENTS?**



- nirf RANKING 2025 — Ranked in Top 101-150 Universities
- 400+ Recruitment Partners
- NAAC ACCREDITED
- 600+ International Students
- 130+ Programs

### ACADEMIC EXCELLENCE

- 549+ Patents • 3360+ Research Papers • H-Index 19+

### RESEARCH & LABS

**90+ Laboratories - SIRO Recognised by the Govt. of India**
Our Central Instrumentation Facility (CIF) gives access to high-end research equipment — so students can do advanced research.

### STARTUP ECOSYSTEM

- **Kalinga Incubation Foundation (KIF) will help you launch your startup** • **7 Startups already functional**

### THE HAPPENING CAMPUS

**110+ Events a Year** • Kalinga Utsav • Hackathon
• Ideathon • Moot Courts • Sports Fest
• National & International Conferences
• 600+ Students from 33 Countries • NCC • NSS
• Young Indians • Sports • Students Clubs & Societies

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

### PRACTICAL LEARNING

**7 Centres of Excellence**

- Research and Training on Electric Vehicles (In collaboration with Godawari Electric Motors Pvt. Ltd. - Eblu)
- Robotics, Coding, & Drones (In collaboration with BDS Education)
- IIoT (In collaboration with TechnoViz Automation)
- MSME (In collaboration with IamSMEofIndia)
- BRIDGE Courses (In collaboration with Bosch)
- B.Tech CS in AI & ML (In collaboration with the IBM Innovation Centre for Education)
- Repairing & Monitoring of Maintenance of 2 & 3-Wheeler Vehicles (In collaboration with JustAuto)

### PLACEMENT

- **Top Recruiters:** Infosys | wipro | ORACLE | BOSCH | TATA | Cipla | Capgemini | adani | Biocon | Amul | GODAWARI

**HIGHEST PACKAGE: INR 29 LPA**

**NOW IT'S YOUR TURN. JOIN NOW!**

**+91-9907252100**

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Scan the **QR CODE** To Register for our Entrance Examination **KALSEE**

# लोगों को बस बोलने का बहाना चाहिए होता है : राकेश बेदी



मुंबई। राकेश बेदी इन दिनों फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। राकेश और उनकी सह-कलाकार सारा अर्जुन का एक वीडियो फिर से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वह सारा के कंधे पर किस करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो पर अब राकेश ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।उन्होंने कहा, 'लोगों को बस बोलने का बहाना चाहिए होता है। कुछ लोग तो बस कहते रहते हैं। शुक्र है, कई लोगों ने मेरा बचाव भी किया। 71 साल के मशहूर अभिनेता राकेश बेदी इन दिनों अपनी फिल्म 'धुरंधर 2' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। फिल्म ने अब तक 500 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। पिछले साल नवंबर में 'धुरंधर'के ट्रेलर लॉन्च के समय एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें राकेश बेदी अपनी सह-अभिनेत्री सारा अर्जुन के कंधे पर किस करते हुए नजर आए थे।

# रैंप वॉक और नए फैशन ने पिटवा दी भद...

एजेंसी ▶▶ मुंबई



'सैयारा' फिल्म में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाली अनीत पड्डा की रैंप वॉक पर लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। उनकी एक्टिंग की तो खूब तारीफ हुई, लेकिन रैंप वॉक और नए फैशन ने भद पिटवा दी। 'सैयारा' फिल्म से हर दिल पर छाने वाली एक्ट्रेस अनीत पड्डा भले ही कितनी भी टैलेंटेड क्यों न हों, लेकिन एक्टिंग के अलावा जब बात रैंप वॉक की आती है तो उनकी भद पिट जाती है। 'पेरो' के लिए शो का समापन करने वाली अनीत पड्डा अपनी रैंप वॉक के वीडियो वायरल होने के तुरंत बाद ऑनलाइन चर्चा का केंद्र बन गईं। हालांकि, यह युवा एक्ट्रेस के लिए फैशन जगत में एक बड़ा पल था, लेकिन ऑनलाइन उन्हें लेकर अलग ही बातें हो रही हैं। उनके रैंप वॉक को लेकर फिर से लोग काफी कुछ कह रहे हैं। कुछ ही घंटों में, शोस्टॉपर वॉक ट्रेंडिंग टॉपिक बन गई, खासकर रेडिट और इंस्टाग्राम पर। अनीत पड्डा ने लैक्मे की 'जेन जी' एंबेसडर के रूप में एक नीले और सफेद रंग के ड्रेस में रैंप वॉक किया, जो पेरो की सिग्नेचर स्टाइल को दिखाता है। इस लुक में टेक्सचर्ड एप्लिक वर्क वाली ड्रेस के ऊपर एक क्रॉप जैकेट पहनी गई थी, जो सॉफ्ट स्ट्रक्चर, बारीक डिटेलिंग से तैयार की गई थी। यह आउटफिट ग्लैमरस ड्रामा के बजाय युवा और थोड़ा चंचल अंदाज में था, जो लेबल की डिजाइन शैली से मैच कर रहा था। हालांकि, कई लोगों को यह स्टाइल उतना पसंद नहीं आया जितना सोचा गया था। साथ ही, अनीत की वॉक भी काफी ज्यादा बातों में रही। कई यूजर्स को लगा कि यह ड्रेस उनके शरीर पर जंच नहीं रही है, जबकि कुछ ने कपड़ों की बनावट और इसके मेल पर सवाल उठाए।

# रैपर बादशाह ने ईशा के साथ गुपचुप तरीके से रचाई शादी

*मुंबई। चर्चित सिंगर और रैपर बादशाह ने शादी रचा ली है। बादशाह की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सिंगर ने ईशा रिखी के साथ गुपचुप तरीके से शादी रचाई है। यह बादशाह की दूसरी शादी है। इससे पहले उन्होंने जैस्मिन मसीह से शादी की थी। हालांकि, छह साल पहले दोनों का तलाक हो चुका है। अब ईशा के साथ उन्होंने जिंदगी का नया सफर शुरू किया है। बादशाह जहां म्यूजिक की दुनिया का बड़ा नाम हैं, वहीं उनकी दुल्हनिया ईशा रिखी का सिक्का अभिनय की दुनिया में चलता है। वे मॉडल और एक्ट्रेस हैं। ईशा रिखी का जन्म 9 सितंबर 1993 को चंडीगढ़ में हुआ था। उनकी स्कूलिंग चंडीगढ़ से ही हुई है। वहीं, से पंजाब यूनिवर्सिटी से बैचलर डिग्री हासिल की। 12वीं क्लास में ईशा ने मॉडलिंग शुरू कर दी थी।*



# देसी गर्ल का ब्लैक ड्रेस में दिखा स्वैग...



मुंबई। प्रियंका चोपड़ा ने मिलान में आयोजित एक इवेंट में शिरकत की। जहां पर प्रियंका के अलावा हॉलीवुड स्टार ऐनी हैथवे और दुआ लिपा के अलावा कई स्टार्स ने अपने लुक से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में एक इवेंट में शिरकत की। इस दौरान प्रियंका ने ब्लैक स्ट्रैपलेस गाउन और स्लीक बन हेयरस्टाइल के साथ चमचाती ज्वेलरी में एक नया ट्रेंड सेट कर दिया है। इस इवेंट में प्रियंका के अलावा कई हॉलीवुड अभिनेत्रियां भी नजर आईं। यह पूरा इवेंट फैशन और ग्लैमर से भरा हुआ था, जिसमें हर कोई अपनी स्टाइल से सबका ध्यान खींच रहा था। हाल ही में एक ज्वेलरी ब्रांड ने इटली के मिलान शहर में अपना नया हाई-एंड कलेक्शन लॉन्च किया। यह इवेंट इतना शानदार था कि पूरा कार्यक्रम रेड कार्पेट जैसा लग रहा था। इस इवेंट में कई बड़ी हस्तियां पहुंचीं, जिनमें प्रियंका चोपड़ा, ऐनी हैथवे, दुआ लिपा और जेक गिलनहाल जैसे सितारे शामिल थे। सबकी नजरें इन पर टिकी हुई थीं। प्रियंका चोपड़ा इस इवेंट में बहुत खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने एक ब्लैक स्ट्रैपलेस गाउन पहना था, जो मरमेड स्टाइल का था।







## चिंतन

# धर्मांतरण रोकने में अहम साबित होगा सुप्रीम कोर्ट का फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि जो व्यक्ति हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को मानता है, वह अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं हो सकता यानी वह अनुसूचित जाति के लोगों को मिलने वाले लाभ व विशेषाधिकारों का पात्र नहीं हो सकता। न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा की अध्यक्षता वाली दो-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि किसी अन्य धर्म में धर्मांतरण करने पर अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त हो जाता है। पीठ ने संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 के प्रावधानों का हवाला देते हुए आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय का 30 अप्रैल 2025 का आदेश को बरकरार रखा और कहा कि यह स्थिति स्पष्ट है। यह फैसला भारतीय सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में दूरगामी प्रभाव डाल सकता है। यह निर्णय मूलतः उस संवैधानिक ढांचे की पुनर्पुष्टि है, जो अनुसूचित जातियों को ऐतिहासिक-सामाजिक भेदभाव के आधार पर संरक्षण देता है। अदालत का तर्क यह है कि जाति-आधारित उत्पीड़न मुख्यतः उन धर्मों की सामाजिक संरचना से जुड़ा है, जहां जाति व्यवस्था मौजूद है। इसलिए यदि कोई व्यक्ति ईसाई या इस्लाम जैसे धर्म को अपनाता है, जहां सैद्धांतिक रूप से जाति व्यवस्था नहीं मानी जाती तो उसे अनुसूचित जाति के विशेष अधिकारों जैसे आरक्षण व कानूनी संरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। इस फैसले का पहला बड़ा प्रभाव आरक्षण व्यवस्था पर पड़ेगा। ऐसे लोग जिन्होंने धर्म परिवर्तन किया है लेकिन अभी तक एससी प्रमाणपत्र रखते हैं, अब कानूनी रूप से उन लाभों के पात्र नहीं रहेंगे। इससे शिक्षा, सरकारी नौकरियों और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में उनकी स्थिति प्रभावित हो सकती है। यह प्रशासनिक स्तर पर भी चुनौती पैदा करेगा, क्योंकि कई मामलों में धर्म परिवर्तन के बाद भी जाति प्रमाणपत्र रद्द नहीं किए जाते। दूसरा महत्वपूर्ण प्रभाव अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के उपयोग पर पड़ेगा। इससे ऐसे मामलों में कमी आ सकती है, जहां आरोप लगाया जाता रहा है कि कानून का दुरुपयोग हुआ। हालांकि इसके साथ ही यह चिंता भी उठेगी कि धर्म परिवर्तन कर चुके दलितों के साथ होने वाले भेदभाव को अब किस कानूनी ढांचे में संबोधित किया जाएगा। तीसरा पहलू सामाजिक और राजनीतिक बहस का है। लंबे समय से यह मुद्दा उठता रहा है कि धर्म परिवर्तन के बावजूद सामाजिक भेदभाव समाप्त नहीं होता। ऐसे में यह निर्णय इस बहस को और तेज कर सकता है कि क्या एससी दर्जा केवल धर्म से जुड़ा होना चाहिए या सामाजिक वास्तविकताओं के आधार पर तय होना चाहिए। यह फैसला केवल एक कानूनी व्याख्या नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह सरकार और समाज दोनों के सामने यह चुनौती रखता है कि वे धर्म परिवर्तन कर चुके दलितों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए एक संतुलित और समावेशी नीति तैयार करें, ताकि समानता और न्याय के संवैधानिक आदर्शों को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। हालांकि यह फैसला भविष्य में धर्मांतरण पर रोक लगाने में भी मील का पत्थर साबित हो सकता है। अनेक बार ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां पर प्रलोभन देकर अनुसूचित जाति के लोगों का धर्मांतरण कराने का आरोप लगा है। इस फैसले से एससी वर्ग के लोग धर्मांतरण करने से बचेंगे।



**आर्थिकी**
बृजेश कुमार द्विवेदी

अब भारत किसी एक क्षेत्र या देश पर पूरी तरह निर्भर नहीं है। मध्य-पूर्व के पारंपरिक स्रोतों के साथ-साथ रूस, अमेरिका और अन्य क्षेत्रों से आयात की नीति ने जोखिम को काफी हद तक संतुलित किया है। यह रणनीति वैश्विक संकटों के प्रभाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सबसे महत्वपूर्ण पहलू रिफाइनिंग क्षमता का विस्तार है। भारत आज न केवल अपनी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है, बल्कि पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इससे आपूर्ति शृंखला अधिक लचीली और सुदृढ़ बनी है। इसके साथ ही भारत ने रणनीतिक तरीके से पेट्रोलियम भंडार को सुदृढ़ किया है। यह कहना उचित होगा कि इतिहास ने भारत को सावधान रहना सिखाया है

# पेट्रो समस्या और आज का भारत

भारत ने ऊर्जा अस्थिरता का दौर पहले भी देखा है। विशेष रूप से 1973 में तेल समस्या के समय, जब तेल उत्पादक देशों द्वारा आपूर्ति सीमित कर दी गई थी, दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाएं हिल गईं थीं। उस दौर में भारत आयात पर निर्भर था और देश के पास न तो पर्याप्त भंडारण था और न ही विविध आपूर्ति के स्रोत थे इसलिए गंभीर दबाव में आ गया था। तब महंगाई बढ़ी, आर्थिक विकास प्रभावित हुआ और ऊर्जा सुरक्षा की सीमाएं स्पष्ट हो गईं, लेकिन पांच दशकों में भारत की स्थिति में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। आज का भारत उस समय के भारत से कई मायनों में अलग है-नीतिगत रूप से भी और संरचनात्मक रूप से भी। सबसे बड़ा बदलाव ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण है। अब भारत किसी एक क्षेत्र या देश पर पूरी तरह निर्भर नहीं है।

मध्य-पूर्व के पारंपरिक स्रोतों के साथ-साथ रूस, अमेरिका और अन्य क्षेत्रों से आयात की नीति ने जोखिम को काफी हद तक संतुलित किया है। यह रणनीति वैश्विक संकटों के प्रभाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सबसे महत्वपूर्ण पहलू रिफाइनिंग क्षमता का विस्तार है। भारत आज न केवल अपनी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है, बल्कि पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इससे आपूर्ति शृंखला अधिक लचीली और सुदृढ़ बनी है। इसके साथ ही भारत ने रणनीतिक तरीके से पेट्रोलियम भंडार को सुदृढ़ किया है। अतीत में इसकी अनुपस्थिति ने संकट को गहरा किया था, लेकिन आज भारत ने आपात स्थितियों से निपटने के लिए भंडारण की मजबूत व्यवस्था विकसित की है। यह किसी भी अचानक वैश्विक झटके के समय देश को आवश्यक समय और स्थिरता प्रदान करता है। पेरिस स्थित अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी आईईए ने कहा कि संघर्ष के कारण वैश्विक तेल बाजार के इतिहास में सबसे बड़ी आपूर्ति बाधा उत्पन्न हुई है, जो 1970 के दशक के संकट को भी पार कर गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में अपने अपने संबोधन में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का उल्लेख किया, जो वैश्विक तेल व्यापार की सबसे महत्वपूर्ण जीवन रेखा मानी जाती है। भारत अपनी जरूरत का एक बड़ा हिस्सा इसी समुद्री रास्ते से मंगवाता है। युद्ध की वजह से इस रास्ते पर जहाजों का आवागमन बेहद चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरा हो गया है। चूंकि भारत अपनी जरूरत की 60 प्रतिशत एलपीजी का आयात करता है, इसलिए आपूर्ति में जरा सी भी अनिश्चितता देश के करोड़ों रसोईघरों के बजट को बिगाड़ सकती है।

सरकार का मुख्य फोकस इसी बात पर है कि युद्ध के बावजूद सामान्य परिवारों तक गैस और पेट्रोल-डीजल की पहुंच बाधित न हो। गैस क्षेत्र में देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। पाइपलाइन नेटवर्क का विस्तार, एलएनजी टर्मिनलों की स्थापना और सिटी गैस वितरण व्यवस्था ने ऊर्जा की पहुंच को अधिक व्यापक और विश्वसनीय बनाया है। फिर भी, यह मान लेना कि भारत पूरी तरह



सुरक्षित है, यह भी उचित नहीं होगा। देश अभी भी अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है और अंतरराष्ट्रीय कीमतों का असर घरेलू बाजार पर पड़ता ही है। युद्ध और भू-राजनीतिक तनाव वैश्विक आपूर्ति को प्रभावित कर सकते हैं, जिससे कीमतों में अस्थिरता बनी रह सकती है। यही कारण है कि आत्मनिर्भरता और वैकल्पिक ऊर्जा पर जोर पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

ओएनजसी समेत पेट्रो से सम्बंधित संस्थाओं के माध्यम से घरेलू उत्पादन बढ़ाने के प्रयास और सौर, पवन तथा ग्रीन हाइड्रोजन जैसे विकल्पों में निवेश, भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा तय करेंगें। आज का भारत 1970 के दशक के संकटग्रस्त भारत से कहीं अधिक सक्षम, सजग और तैयार है। प्रधानमंत्री का आश्वासन इसी बदले हुए परिदृश्य का संकेत है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए भारत ने जमीन के नीचे कच्चे तेल का विशाल भंडार तैयार किया है, जिसे स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व जिसे एसपीआर कहा जाता है। वर्तमान में भारत के पास 53 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा कच्चा तेल सुरक्षित रखा हुआ है। यह भंडार मुश्किल वक्त में देश की लाइफ लाइन साबित हो सकता है। इसके अलावा, सरकार 65 लाख मीट्रिक टन की अतिरिक्त भंडारण क्षमता विकसित करने पर भी तेजी से काम कर रही है। यह सरकारी रिजर्व तेल कंपनियों के पास मौजूद अपने निजी स्टॉक से बिल्कुल अलग है, जो केवल राष्ट्रीय संकट के समय इस्तेमाल के लिए सुरक्षित रखा गया है। संसद में प्रधानमंत्री ने ये भी बताया कि सरकार न केवल मौजूदा स्टॉक को मैनेज कर रही है, बल्कि भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए फर्टिलाइजर और कच्चे तेल के नए स्रोतों की तलाश भी कर रही है। तेल कंपनियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने पास पर्याप्त बफर स्टॉक बनाए रखें, ताकि किसी भी अल्पकालिक बाधा का असर आम जनता पर न पड़े। आज की वैश्विक परिस्थितियों में किसी भी देश की संप्रभुता उसकी एनर्जी सिक्योरिटी यानी ऊर्जा सुरक्षा पर टिकी है। भारत जिस तरह से अपने पेट्रोलियम रिजर्व को बढ़ा रहा है और नए देशों के साथ व्यापारिक संबंध जोड़ रहा है, वह भविष्य के किसी भी बड़े तेल संकट के खिलाफ एक मजबूत ढाल है। यदि पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ता भी है, तो भारत के पास कई महीने तक देश चलाने के लिए पर्याप्त बैकअप प्लान मौजूद है।

वहीं भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में पेट्रोलियम की कमी के चलते त्राहि-त्राहि मची हुई है। सरकारी कार्यालय हफ्ते में चार दिन खुल रहे हैं, पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी कतारें देखी जा रही हैं, वहीं बांग्लादेश में पेट्रोल-डीजल गैस के दाम आसमान छू रहे हैं और जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि भारत में ऐसा कुछ भी नहीं है। अंततः, यह कहना उचित होगा कि इतिहास ने भारत को सावधान रहना सिखाया है और वर्तमान ने उसे सक्षम बनाया है। यदि यही संतुलन-सतर्कता और तैयारी-बनी रहती है तो वैश्विक उथल-पुथल के बीच भी भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को सुरक्षित रखने में हर कीमत पर सफल रहेगा।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**विजन**
प्रेम प्रकाश



# ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था पर जोर बढ़ा रहा है भारत

स्टैनफोर्ड ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी रिपोर्ट 2025 में एआई प्रतिस्पर्धात्मकता एवं बेहतर इकोसिस्टम के लिहाज से भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है। इसी तरह गिटहब पर एआई परियोजनाओं के मामले में हम दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता हैं। इसके आगे के सफर के लिए भी देश पूरी तरह मुस्तैद है। केंद्र सरकार ने इंडिया एआई मिशन के लिए 10,372 करोड़ रुपये के विशाल परिव्यय की घोषणा करके पहले ही साफ कर दिया है कि वह केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्माता बनना चाहता है। अच्छी बात यह है कि तमाम राज्य सरकारों ने खासतौर पर नए वित्तीय वर्ष के लिए अपने बजटीय प्रावधानों में केंद्र के इस विजन को स्थान दिया है। जिस राज्य ने खासतौर पर अपने बजटीय प्रावधानों से चौंकाने का क्रम जारी रखा है, वह है गुजरात। प्रदेश की भूपेंद्र पटेल सरकार ने इस बार के बजट में गिफ्ट सिटी के विस्तार के माध्यम से एआई के क्षेत्र में वैश्विक निवेश आकर्षित करने पर जिस तरह जोर दिया है, वह दिखाता है कि गुजरात का विकास मॉडल भविष्य में सशक्त होने के साथ स्मार्ट भी होगा।

गुजरात ने अपनी नई आईटी और आईटीईएस नीति के तहत एआई परियोजनाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन की घोषणा की है। बजट में सेमीकंडक्टर और एआई चिप डिजाइनिंग को लेकर गुजरात को देश का अग्रणी राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। 2014 में तेलंगाना के गठन के बाद हैदराबाद के अलग हो जाने से आंध्र प्रदेश के सामने लगातार यह चुनौती रही है कि अमरावती को वह इस रूप में विकसित करे कि नई राजधानी के साथ एक बड़े आईटी व एआई हब के रूप में भी उसकी पहचान स्थापित हो। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने बजट में अमरावती को भविष्य की एआई राजधानी बनाने का संकल्प व्यक्त किया है। राज्य सरकार ने बजट में कौशल विकास केंद्रों को एआई स्किलिंग लैब में बदलने के लिए विशेष फंड की घोषणा की है। महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्य, जो पहले से



ही आईटी हब रहे हैं, उन्होंने अब अपना ध्यान जेनरेटिव एआई पर केंद्रित किया है। कर्नाटक सरकार ने बेंगलुरु को वैश्विक स्तर पर एआई कैपिटल की पहचान दिलाने के लिए बजट में एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के विस्तार का प्रस्ताव दिया है। इसी तरह कर्नाटक के बजट में स्टार्टअप्स के लिए एआई-एज फंड की घोषणा की गई है। वहीं, महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई और पुणे में एआई डेटा केंद्रों के निर्माण के लिए स्टांप ड्यूटी में छूट और बिजली सब्सिडी जैसे बजटीय प्रावधान किए हैं। बात करें देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश की तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने लखनऊ में भारत की पहली एआई सिटी के निर्माण को बजट की सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश किया है। योगी सरकार को भरोसा है कि राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में एआई सिटी एक इंजन के रूप में काम करेगी। राज्य सरकार ने नोएडा को एक ग्लोबल डेटा सेंटर हब के रूप में विकसित करने के लिए भी अतिरिक्त बजट दिया है, जो एआई एल्गोरिद्म को प्रोसेस करने के लिए रीढ़ की हड्डी का काम करेगा। यूपी से लगा राज्य है बिहार। यह प्रदेश अब केवल पारंपरिक कृषि या श्रम-आधारित अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि आईटी पॉलिसी 2024 और नई बजट घोषणाओं के बूते वह विकास के साथ प्रशासनिक ढांचे में बड़े सुधार की दिशा में बढ़ना चाहता है। राज्य सरकार ने एआई और मशीन लर्निंग के माध्यम से राज्य के राजस्व संग्रह को पारदर्शी बनाने और बाढ़ प्रबंधन जैसे गंभीर संकटों के समाधान के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए हैं। साथ ही प्रदेश की राजधानी पटना में एक अत्याधुनिक आईटी पार्क और डेटा सेंटर की स्थापना के लिए राशि आवंटित की गई है, जिसका मकसद युवाओं को डेटा एनोटेशन और एआई विकास में रोजगार देना है।

यह देखना खासा दिलचस्प है कि बीते एक दशक में जिस सहकारी संघवाद की चर्चा खूब हुई है, वह विकास के क्षेत्र में आज सहयोग और समन्वय का ऐसा मॉडल बनकर उभरा है। विचार, परंपरा और भूगोल तक की अनेक असमानताओं और चुनौतियों के बीच कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे नए क्षेत्र में भारत आज यदि एकजुटता के साथ आगे बढ़ रहा है तो यह नए भारत का दमखम ही नहीं, उसका नया आत्मपरिचय भी है।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## धन्वंतरि का ध्यान कर स्वास्थ्य के प्रति सचेष्ट रहें



संकलित
**दर्शन**

धन त्रयोदशी या धनतेरस पर्व की विशेषता यही है कि उस दिन आप यह मानें कि आप जो चाहते हैं, वह धन आपके पास है। केवल सोना-चांदी ही धन नहीं है, ज्ञान भी धन है। यह सबसे बड़ा धन है। आपको अपने ज्ञान को संजोना चाहिए और प्रचुरता का अनुभव करना चाहिए। जीवन में धन्यभागी अनुभव करना, कृतज्ञता का अनुभव करना सबसे बड़ा धन है, जिनमें कृतज्ञता का अभाव होता है, वे धनी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य भी धन है। स्वास्थ्य यदि ठीक नहीं, तो भौतिक धन का क्या उपयोग हो सकता है। धन त्रयोदशी देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है। कहा जाता है कि वह समुद्र मंथन में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे। अतः धन त्रयोदशी पर धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेष्ट रहें। योग व ध्यान करें। आपके पास जो मानव शरीर है, यह भी तो ईश्वर का दिया बड़ा उपहार है। यह भी धन है। हमारी चेतना में ऐसा गुण है कि जो बीज आप बोते हैं, वही प्रकट होता है। यदि आप यह सोचें कि वर्तमान में मेरे पास पर्याप्त धन है, तब आप धन के पीछे पागल नहीं होते। जब आप सोचते हैं कि मेरे पास पर्याप्त धन है, चेतना में धैर्य आता है, हिम्मत आती है। कहा गया है, उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः, जिसका अर्थ है, जो मेहनत करता है और शेर जैसा निर्भय होकर चलता है, लक्ष्मी भी उसी के पास आती हैं। धनतेरस के दिन अपनी चेतना से 'अभाव के भाव' को उखाड़ कर फेंक दीजिए। अपने मन से, 'मैं विपन्न हूं, मैं भिखारी हूं' ये सब बातें हटा दीजिए।

## कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें



संकलित
**प्रेरणा**

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है। ये सब देखकर कुबेर देव का घमंड टूट गया और उन्हें अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने सभी से क्षमा मांगी।

## चैती छठ



असम के गुवाहाटी में मंगलवार को 'चैती छठ' त्योहार के दौरान महिलाएं ब्रह्मपुत्र नदी में पूजा-पाठ करती हुईं।

## आज की पाती

### मोदी ने तोड़ा चामलिंग का रिकॉर्ड

भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में कुछ ऐसे क्षण आते हैं जो इतिहास का स्थायी हिस्सा बन जाते हैं। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण पड़ाव तब सामने आया जब नरेंद्र मोदी देश में सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख रहने वाले नेता बन गए। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री दोनों पदों को मिलाकर 8931 दिनों तक शासन का नेतृत्व करना केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति के बदलते स्वरूप का भी संकेत है। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने पवन कुमार चामलिंग के लंबे समय तक बने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जो स्वयं स्थिर शासन और विकास के प्रतीक माने जाते रहे हैं। नरेंद्र मोदी का यह सफर साधारण परिस्थितियों से शुरू होकर असाधारण ऊंचाइयों तक पहुंचने की कहानी है।

*- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### स्थापना दिवस की बधाई



असम राइफल्स के वीर जवानों, उनके परिवारों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। वे पूर्वोत्तर के दुर्गम इलाकों में हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं, मानवीय सहायता के माध्यम से समुदायों में विश्वास कायम करते हैं।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### नारी सशक्तिकरण



प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल की व्यवस्था का महत्वपूर्ण प्रावधान नारी सशक्तिकरण को नई दिशा प्रदान करेगा और बेटियों को सुरक्षित व बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराएगा। विभिन्न योजनाओं तथा वित्तीय समावेशन के ये प्रावधान उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सशक्त करेंगे।

**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री**

### रानी हाट



दिल्ली में "रानी हाट" स्थापित किए जाएंगे, जहां हमारी बहनें अपने हुनर, अपने उत्पाद और अपने उद्यम को एक सशक्त पहचान दे सकेंगी। सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के माध्यम से हर बहन को आत्मनिर्भर बनाने, हर हाथ को सशक्त करने और हर परिवार को संबल देने का यह प्रयास है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### हॉकी एशियन चैंपियनशिप



पंजाब में पहली बार हॉकी एशियन चैंपियनशिप होने जा रही है। इस उपलब्धि के पीछे पंजाब सरकार और सीएम भगवंत मान की कड़ी मेहनत है और इसी मेहनत के दम पर पंजाब अब हर क्षेत्र में अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रहा है।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

## करंट अफेयर


# दक्षिण अफ्रीका के एक प्रांत में हिंदू संगठन की सराहना



दक्षिण अफ्रीका के गौटेंग प्रांत के प्रमुख के कार्यालय ने देश में सामाजिक सामंजस्य व मानवतावाद को बढ़ावा देने में प्रमुख हिंदू संगठन 'एसए हिंदूज' की भूमिका की सराहना की। जोहानिसबर्ग के लीनासिया में आयोजित संगठन के 10वें वार्षिकोत्सव समारोह के मौके पर उसकी यह सराहना की गई। गौटेंग के प्रमुख पनयाजा लेसुफी का प्रतिनिधित्व करने वाले एक प्रतिनिधिमंडल ने 'एसए हिंदूज' की संस्थापक पंडिता लूसी की भूमिका की भी प्रशंसा की और बताया कि उनकी योजनाएं प्रशासन की योजनाओं से मेल खाती हैं। लेसुफी खुद इस समारोह में शामिल नहीं हो सके। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य उनाथी एमफेंडु ने कहा, 'हम यह भी देख रहे हैं कि देश में भ्रष्टाचार के मुद्दों का हल कैसे निकाला जा सकता है, और पंडिता लूसी भी इसी तरह काम कर रही हैं। यही कारण है कि हम यहां उन्हें अपना समर्थन देने आए हैं।' उन्होंने 'एसए हिंदूज' की ओर से जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए उठाए गए कई कदमों का उल्लेख किया, जिनमें खाद्य सामग्री वितरण और सामाजिक एवं कल्याण से जुड़ी सहायता शामिल हैं।

## ऑफ बीट

# मनुष्य मृत्यु के बाद के जीवन से आकर्षित रहा



जैसे-जैसे हैलोवीन करीब आता है, हम भूतों, राक्षसों और पिशाचों के बारे में सोचना शुरू कर देते हैं। लेकिन मृत्यु के बाद के जीवन और दूसरी दुनिया के प्रति आकर्षण कोई नई बात नहीं है: दुनिया भर की भूत की कहानियां साबित करती हैं कि यह प्रागैतिहासिक काल से मानव अनुभव का हिस्सा रहा है। 5,000 साल पहले लेखन के आविष्कार से पहले भी, मनुष्यों को उन सामानों के साथ दफनाया जाता था जो उनके बाद के जीवन में उपयोगी हो सकते थे, जैसे पीने के बर्तन या हथियार। यद्यपि प्रागैतिहासिक कब्र के सामान के अर्थ के बारे में कुछ बहस है, मेसोपोटामिया के भूत विशेषज्ञ इरविंग फिंकेल दृढ़ता से तर्क देते हैं कि वे एक विश्वास को प्रतिबिंबित करते हैं कि मृत व्यक्ति का कुछ हिस्सा अगले जीवन में बना रहेगा। मेसोपोटामिया, एक ऐतिहासिक क्षेत्र जो मोटे तौर पर आधुनिक इराक के क्षेत्र में स्थित है, दुनिया के कुछ महान साम्राज्यों का घर था। प्राचीन मेसोपोटामिया के भूत और राक्षस शायद आज डरावनी फिल्मों में अपनी उपस्थिति के कारण सबसे ज्यादा जाने जाते हैं। घोस्टबस्टर्स (में, सिगोरनी वीवर्स के दाना को ज़ूल अपने कब्जे में कर लेता है, जो काल्पनिक देवता गोज़र का एक सेवक है, जिसे फिल्म की पृष्ठभूमि में सुमेरियों द्वारा एक देवता के रूप में पूजा जाता था।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

तमिलनाडु चुनाव

एआईडीएमके ने जारी किया घोषणा पत्र

# राशन कार्ड वाली महिलाओं को फ्रिज, दाल तेल से लेकर 10 हजार तक देने का वादा

*तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले एआईएडीएमके ने अपना घोषणा पत्र जारी कर बड़ा चुनावी दांव खेला है। पार्टी ने आम जनता, खासकर महिलाओं और मध्यम वर्ग को ध्यान में रखते हुए कई बड़े वादे किए हैं। मुफ्त फ्रिज, नकद सहायता और राशन में अतिरिक्त सुविधाओं जैसे ऐलानों के जरिए पार्टी ने सीधे वोटरों को साधने की रणनीति बनाई है।*

## पलानीस्वामी ने बताया कि इसमें शामिल हैं 297 वादे

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

एआईएडीएमके के महासचिव एडप्पडी पलानीस्वामी ने घोषणा पत्र जारी करते हुए बताया कि इसमें कुल 297 वादे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह घोषणा पत्र समाज के हर वर्ग से सुझाव लेकर तैयार किया गया है। इसमें महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को ध्यान में रखते हुए राहत देने पर जोर दिया गया है। पार्टी ने हर परिवार को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का वादा किया है ताकि टैक्स और बढ़ती कीमतों का बोझ कम हो सके।



### राशन कार्ड धारकों को अतिरिक्त राहत

*एआईएडीएमके ने राशन कार्ड धारकों को अतिरिक्त राहत देने का भी ऐलान किया है। चावल के साथ हर महीने 1 किलो दाल और एक लीटर कुकिंग ऑयल मुफ्त दिया जाएगा। इसके अलावा बुजुर्गों की पेंशन बढ़ाकर दो हजार रुपये करने और बेघर लोगों के लिए मुफ्त पक्के घर बनाने का वादा किया गया है। यह कदम सीधे गरीब और जरूरतमंद वर्ग को ध्यान में रखकर उठाया गया है।*

### महिलाओं के लिए कई बड़े वादे

घोषणा पत्र में महिलाओं के लिए कई बड़े वादे किए गए हैं। चावल राशन कार्ड रखने वाली परिवार की महिला मुखिया को मुफ्त फ्रिज देने की बात कही गई है। इसके अलावा महिलाओं को हर महीने 2 हजार रुपये की सहायता देने का भी वादा किया गया है। कामकाजी महिलाओं को 'अम्मा' स्कीम के तहत सब्सिडी पर दोपहिया वाहन देने की योजना भी शामिल है। इससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत करने का प्रयास दिखता है।

### युवाओं के लिए भी कई योजनाएं

घोषणा पत्र में युवाओं के लिए भी कई योजनाएं शामिल हैं। नए कारोबार शुरू करने के लिए युवाओं को 25 लाख रुपये तक का लोन देने की बात कही गई है। बेरोजगार ग्रेजुएट्स को हर महीने दो हजार रुपये भत्ता देने का वादा किया गया है। साथ ही रोजगार में तमिलों को प्राथमिकता देने के लिए कानून लाने की बात भी कही गई है।

### अन्य अहम घोषणाएं

एआईएडीएमके ने कई अन्य अहम घोषणाएं भी की हैं। शहरों में पुरुषों को भी मुफ्त बस यात्रा देने, ग्रामीण रोजगार योजना को 150 दिन तक बढ़ाने और शराब की दुकानों को धीरे-धीरे बंद करने का वादा किया गया है। लंबे समय से काम कर रही नर्सों को स्थायी करने की भी घोषणा की गई है। इन सभी वादों के जरिए पार्टी ने व्यापक स्तर पर मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश की है।

बंगाल

## पहली पूरक वोटर लिस्ट जारी, जोड़े-हटाए गए नामों की संख्या स्पष्ट नहीं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की 294-सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 23 और 29 अप्रैल को होगा, जबकि मतगणना चार मई को की जाएगी। यहां पहली पूरक मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है, हालांकि निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की अधिनिर्णय प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची में जोड़े या हटाए गए नामों की कुल संख्या का अभी खुलासा नहीं किया है। बूथवार पहली पूरक मतदाता सूची सोमवार आधी रात के आसपास आयोग की वेबसाइट पर अपलोड की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को कहा कि इस समय वह भी सटीक आंकड़े नहीं दे सकते। उन्होंने कहा, 'मेरे पास फिलहाल कोई आंकड़े नहीं हैं और मैं यह नहीं बता सकता कि कितने नाम हटाए गए हैं। प्रक्रिया अभी जारी है।' इससे पहले, 28 फरवरी को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में लगभग 60 लाख नाम 'विचाराधीन' के तौर पर चिह्नित किए गए थे। इसके बाद, उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप 705 न्यायिक अधिकारियों को यह तय करने का काम सौंपा गया था कि इन नामों को मतदाता सूची में रखा जाए या हटाया जाए। पूरक सूची में उन मतदाताओं के नाम शामिल हैं, जिनके मामलों पर इन न्यायिक अधिकारियों ने निर्णय दे दिया है। अग्रवाल ने सोमवार शाम कहा था कि अब तक करीब 29 लाख नामों पर निर्णय लिया जा चुका है।



प.बंगाल विधानसभा भवन

केरल

## चुनाव आयोग के पत्र पर भाजपा की सील, लेफ्ट ने साधा निशाना

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में सभी राजनीतिक दलों को भेजे गए चुनाव आयोग (ईसीआई) के एक पत्र पर भाजपा की मुहर लगी मिली। इसके बाद विवाद खड़ा हो गया और सोमवार को एक अधिकारी को निलंबित कर दिया गया। केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह पूरी तरह से कलर्कीय गलती थी जिसे तुरंत पहचान कर सुधार लिया गया। इधर, केरल की सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'यह कोई रहस्य नहीं है कि एक ही ताकत चुनाव आयोग और भाजपा दोनों को नियंत्रित कर रही है। फिर भी, कम से कम दो अलग-अलग डेस्क का शिष्टाचार तो बनाए रखें।' सीपीआई(एम) ने एक्स पर कहा, 'मुहरों की अदला-बदली लापरवाही से हो रही है। चुनाव आयोग के पत्र पर भाजपा की मुहर। ठीक उसी पुराने आरोप की तरह कि आप कोई भी बटन दबाएं कमल का बटन दबता है, यहां एक और 'संयोग' सामने आया है।'इस मामले पर सीईओ ने कहा कि एक चूक के कारण प्रस्तुत दस्तावेज पर पार्टी के चिन्ह पर ध्यान नहीं दिया गया और अनजाने में इसे मांगे गए स्पष्टीकरण के हिस्से के रूप में अन्य राजनीतिक दलों को बांट दिया।




असम

कांग्रेस को तगड़ा झटका, तीन प्रत्याशियों की उम्मीदवारी खारिज

## हिमंता के खिलाफ कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन खारिज

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

असम विधानसभा चुनावों के लिए मंगलवार को आयोग द्वारा नामांकन पत्रों की जांच की गई। इसमें कांग्रेस के तीन कैंडिडेट समेत कुल 18 नामांकन खारिज किए गए। कांग्रेस के तीन कैंडिडेट के नामांकन रद्द होने से पार्टी को दो सीटों पर झटका लगा है। इसमें सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की सीट जालुकबारी भी शामिल है। चुनाव आयोग ने कांग्रेस के जिन तीन कैंडिडेट के नामांकन रद्द किए हैं उनमें आनंद नराह (धकुआखाना), निर्मल लंगथासा (हाफलोंग) और बिदिशा नियोग (जालुकबारी) कैंडिडेट शामिल हैं। हाफलोंग सीट से कांग्रेस में अंतिम वक्त पर शामिल हुई कैबिनेट मंत्री रहीं नंदिता गर्लोसा का पर्चा स्वीकार किया गया है। ऐसे में कांग्रेस को दो सीटों पर झटका लगा है। आयोग ने नामांकन खारिज करने के कारण नहीं बताए हैं।



### 126 सीटों के लिए मिले 1388 नामांकन पत्र

असम की 126 सीटों के लिए कुल 1388 नामांकन पत्र मिले। ये नामांकन पत्र 817 उम्मीदवारों ने दाखिल किए थे। अप्रैल में विधानसभा चुनावों के लिए 9 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। कांग्रेस ने राज्य में छह अन्य छोटे दलों के साथ गठबंधन किया है, हालांकि कांग्रेस की झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) से बातचीत फेल रही थी। हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली जेएमएम राज्य में अकेले लड़ रही है।

**100+ सीटों पर लड़ रही है कांग्रेस**

असम में कांग्रेस ने 100 से अधिक कैंडिडेट खड़े किए हैं। पार्टी ने राजगोर दल के साथ-साथ कुल छह दलों से गठबंधन किया है। इसमें असम जातीय परिषद, सीपीआई (एम), ऑल पार्टी हिल लीडर कांफ्रेंस, सीपीआई (एमएल) शामिल हैं। सत्तारूढ़ बीजेपी तीन क्षेत्रीय दलों को साथ लेकर चुनाव लड़ रही है।असम में चुनाव आयोग की तरफ से घोषित शेड्यूल के अनुसार 26 मार्च तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे।

### गौरव गोगोई और उनकी पत्नी की संपत्ति बढ़कर 7.57 करोड़ रुपये



कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई और उनकी पत्नी एलिजाबेथ क्लेयर गोगोई की संपत्ति वर्ष 2026 में बढ़कर 7.57 करोड़ रुपये हो गई, जबकि वर्ष 2024 में यह 4.66 करोड़ रुपये थी। यह जानकारी गोगोई द्वारा नामांकन पत्र के साथ दाखिल हलफनामे से मिली। इसके मुताबिक, इस संपत्ति में उनकी पत्नी का हिस्सा अधिक है। गोगोई की चल संपत्ति पिछले संसदीय चुनाव के दौरान 38.30 लाख रुपये थी, जो अब बढ़कर 72.59 लाख रुपये हो गई है, जबकि अचल संपत्ति में मामूली वृद्धि हुई और यह 2.25 करोड़ रुपये से बढ़कर 2.49 करोड़ रुपये हो गई है। उनकी पत्नी के पास कोई अचल संपत्ति नहीं है, लेकिन उनकी चल संपत्ति पहले के 2.03 करोड़ रुपये से बढ़कर 4.36 करोड़ रुपये हो गई है। जोरहाट से 43 वर्षीय लोकसभा सदस्य गोगई पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

'मीडिया मंथन' में देशभर के पत्रकारों का मंथन

# महिला मुद्दों पर संवेदनशील पत्रकारिता का दिया संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा नयी दिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन में आयोजित दो दिवसीय 'मीडिया मंथन' राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें देशभर के प्रिंट-डिजिटल मीडिया के पत्रकारों ने भाग लिया। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ की 5 महिला पत्रकारों ने भाग लिया, जिसमें हरिभूमि मीडिया ग्रुप की सहभागिता भी उल्लेखनीय रही। हरिभूमि मीडिया की तरफ से रायपुर से श्वेता शर्मा और भिलाई से संगीता मिश्रा शामिल हुईं। समापन सत्र को संबोधित करते हुए आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने कहा कि जेंडर-संवेदनशील रिपोर्टिंग केवल खबर प्रस्तुत करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं की गरिमा, सत्य और न्याय के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

### 'टू साइबर सखी' और रिपोर्टिंग विद डिग्निटी का विमोचन

उद्घाटन सत्र में ट्रूकालर की 'ट्रू साइबर सखी' और आयोग की 'रिपोर्टिंग विद डिग्निटी' जैसी दो महत्वपूर्ण प्रकाशनों का विमोचन किया गया।सम्मेलन के दौरान कई महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए। जिसमें सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. पिंकी आनंद, मनमोहन वर्मा, भारतीय जनसंचार संस्थान की कुलपति डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़, प्रसार भारती की स्वाति गुप्ता आदि ने विचार रखे।

## परमाणु हथियार रखने का फैसला सही था : किम जोंग

**प्योंगयांग।** नॉर्थ कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन ने देश के पास परमाणु हथियार होने को लेकर खुशी जताई है। सरकारी मीडिया के मुताबिक उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजराइल के ईरान पर किए गए हमले साबित करते हैं, कि उनके देश का परमाणु हथियार रखने का फैसला सही था। किम ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध दिखाता है कि आज की दुनिया में सिर्फ मजबूत सैन्य ताकत ही किसी देश को सुरक्षित रख सकती है।

राज्यसभा में फूलोदेवी ने उठाया मामला

# रायपुर एम्स में चिकित्सकों की कमी, बिस्तरों की भी किल्लत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



राज्यसभा में मंगलवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में चिकित्सकों और बिस्तरों की कमी की वजह से मरीजों को परेशानी होने का दावा करते हुए कांग्रेस सदस्य फूलो देवी नेताम ने मंगलवार को सरकार से इस समस्या का अविलंब समाधान निकालने का अनुरोध किया। उच्च सदन में शून्यकाल में फूलो देवी ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि मरीज को समय पर इलाज नहीं मिलना एक तरह से इलाज न होने के समान है और रायपुर के एम्स का यही हाल है जहां चिकित्सकों, नर्सों, तकनीशियनों, सहायक कर्मियों की कमी और बिस्तरों की किल्लत का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा इन समस्याओं की वजह से, गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों का समय पर इलाज नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि यह मरीजों पर दोहरी मार है। कांग्रेस सदस्य ने कहा कि एम्स में चिकित्सकों के 305 पद स्वीकृत हैं लेकिन 190 चिकित्सक ही कार्यरत हैं और उनके 115 पद खाली हैं।

### छग की रेल परियोजनाएं फाइलों पर ही दौड़ रहीं

छत्तीसगढ़ की रेल परियोजनाओं के बरसों से फाइलों पर ही रहने का दावा करते हुए कांग्रेस के सांसद राजीव शुक्ला ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि सभी राज्यों पर समान रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। उच्च सदन में शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए शुक्ला ने कहा कि दल्ली राजहरा से रावघाट और आगे जगदलपुर तक ट्रेन का विस्तार लंबे समय से प्रतीक्षित है तथा यह बस्तर के विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

डॉ.वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुन: लगा दें।
HMS मस्सा नाशक

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Sai Care Hospital श्री सांई केयर हॉस्पिटल
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामेवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सेवायें: कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डायबिटीज (मधुमेह) उपचार, लिवर व किडनी रोग, पाइल्स (बवासीर) का ऑपरेशन, थाइरॉयड सर्जरी, हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप), ब्रेस्ट लंप / ट्यूमर सर्जरी
आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स
क्षारकर्मा (लेप विधि) विशेषज्ञ
(ना कोई सुई, ना भर्ती 2 घंटे के बाद डिस्चाज)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
13000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

वैरिकोज वेन्स & VASCULAR Clinic
वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:- 7987119756, 9303508130



# मनोरंजन के साधनों में गड़हा ददरिया

कला जगत

रामकुमार वर्मा

छत्तीसगढ़ में ददरिया गायन की प्राचीन परंपरा रही है। किसी समय में ददरिया गायन जीवन के एक अंग के रूप में जाना जाता था। ददरिया गायन की एक वैसी विधा है जो किसी भी समय कहीं पर भी गाया जाता है। एक अनगढ़ गायक को भी ददरिया गायन के प्रति समर्पित देखा जाता है। गड़हा ददरिया को प्रायः यात्रा करते समय चाहे वह पैदल हो, बैल गाड़ी में हो या किसी उत्सव समारोहों में हो मस्ती के साथ गाया जाता है। एकल और सामूहिक दोनों तरह से गायन किया जाता है। इसकी खास विशेषता होती है, इसमें सवाल जवाब का शामिल न होना। इसमें केवल स्त्री या पुरुष पृथक पृथक रूप से गाते हैं। कहीं कहीं पर समूह में भी गाया जाता है।



विवाह के दौरान बारात प्रस्थान के बाद महिलाओं द्वारा मंडप के चारों ओर घूम घूम कर गाए जाने वाले ददरिया को गौतरी ददरिया कहा जाता है -

राम धरे धनुष लक्ष्मण धरे बाण,<br>
सीता माई के खोजन बर निकलगे हनुमान।<br>
एक पेड़ आमा छत्तीस पेड़ जाम,<br>
देवी दाई के मंदिर में हावय भगवान।


इसी तरह आदिवासी अंचल में विवाह के दौरान महिलाओं द्वारा सवाल जवाब में ददरिया गायन किया जाता है। गायन के दौरान लंबे समय तक सवाल जवाब चलता रहता है -

कोन बन आमा रे कोन बन जाम।<br>
कोन बन ले ओ निकले मोर लक्ष्मण राम।<br>
धाने ल लुवै गिरे ल कंसी।<br>
भगवान के मंदिर में बाजथे बंसी।

लोक साहित्य

उर्मिला शुक्ल

## अंचल के लोक जीवन में नारी अस्मिता



वन प्रांतर से जुड़ा होने के कारण छत्तीसगढ़ का समाज और इसकी सामाजिक वर्जनाएं वैसी नहीं हैं, जैसी अन्यत्र हैं। यहां स्त्री का जीवन उतना दुरूह नहीं है जैसा अन्य समाजों में है। यहां के समाज में दहेज जैसी कुरीति भी नहीं है इसीलिए यहां लड़की के जन्म पर वैसा शोक नहीं मनाया जाता, जैसा कि कई राज्यों में मनाया जाता है। यही कारण है कि यहां के लोक गीतों में बेटी के जन्म को लेकर दुख का वर्णन नहीं मिलता है। यहां स्त्री और पुरुष के अधिकारों में भी वैसी विसंगतियां नहीं है जैसी शेष समाजों में है। यही कारण है कि लोकगीतों में स्त्री मन की वेदना को प्रकट करने वाले गीत कम हैं। यहां हर्ष, उल्लास और उमंग से भरे गीत ही अधिक मिलते हैं। फिर भी कुछ स्थितियां ऐसी है जो स्त्री और पुरुष के जीवन को अलगाती है और इनमें नारी मन की पीड़ा उभर आती है। छत्तीसगढ़ की श्रमजीवी संस्कृति है, जिसमें स्त्रियों की भागीदारी पुरुषों की अपेक्षा अधिक है। यहां की प्रमुख फसल धान है। इसके बोने से लेकर निंदाई, कटाई, मिसाई और खलिहान से घर तक ले जाने में महिलाओं की महती भूमिका रही है। यहां के गीतों में भी स्त्रियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

धार्मिक

कमलेश यादव

# माता सीता ने स्नान किया था इस कारण नाम सीता नहानी




छत्तीसगढ़ में राम वन गमन मार्ग चिन्हांकित किए गए हैं, लेकिन यहां का इतिहास वर्षों पुराना है। अनेक किंवदंतियों और नामकरण से प्रामाणिकता की पुष्टि भी होती है। राम वन गमन मार्ग का पड़ाव बस्तर के अनेक स्थानों पर देखी जाती है। कई स्थानों का नामकरण, शिलालेख और पुरातात्विक महत्व के स्थल आज भी पौराणिक काल के साक्षी के रूप में विद्यमान हैं। कहा जाता है कि दंतेवाड़ा से प्रभु श्रीराम तीरथगढ़ पहुंचे थे। जगदलपुर से 40 कि मी दूर स्थित कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में प्रभु श्रीराम के प्रवास के संबंध में भी लोककथाएं प्रचलित हैं। तीरथगढ़ में कांगेर नदी सघन वनों और दुर्गम घाटियों के बीच एक मनोरम जलप्रपात बनाती है। यहां कांगेर नदी का पानी 300 फीट नीचे एक कुंड में गिरता है। मान्यता है कि इस कुंड में माता सीता ने स्नान किया था, इसलिए इसे सीता नहानी के नाम से भी जाना जाता है।



ऐतिहासिक

डा. टी. आर. रामटेके

## कल्चुरीकालीन अवशेष आज भी पाटनगढ़ में




जिला मुख्यालय दुर्ग से दक्षिण पूर्व दिशा में 26 कि मी दूरी पर सड़क मार्ग में पाटन स्थित है जो तहसील मुख्यालय भी है। पाटन पट्टन (नगर ) का अपभ्रंश है । इसका पुराना नाम भागपुरपट्टन है । यहां महामाया देवी का मंदिर है तथा मूर्ति विहीन ईट का मंदिर भी है । ग्रामवासियों द्वारा बताया जाता है कि महामाया मंदिर की तलवार राजा जगतपाल काल की है। महामाया मंदिर की दक्षिण दिशा में किले में स्थित कुएं की सफाई में भगवान बुद्ध की प्रतिमा प्राप्त हुई थी । महामाया मंदिर के दक्षिण और उत्तर दिशा में फैले हुए भाग में किले की संभावना व्यक्त की जा सकती है, क्योंकि इसी स्थान में से स्तंभ के टुकड़े व प्रतिमाएं प्राप्त होती हैं । मराठों ने अपने शासन काल में इस किले को नष्ट किया था । पाटन में 22 तालाब हैं जिसमें से अधिकांश तालाब किले की परिखा के रुप में रहे होंगे । पाटन से 4 कि मी दूरी पर खारुन नदी के तट पर तर्रीघाट में लगभग 500 मीटर व्यास का विस्तृत ऊंचा टीला है, जहां पर मौर्य कालीन बस्ती व व्यापारिक नदी जलमार्ग का निरीक्षण बुर्ज था । यहां खुदाई से दूसरी शताब्दी से कल्चुरी काल तक के व्यापारिक नगर संस्कृति प्रस्तर निर्मित इमारतों के अवशेष प्राप्त हुए हैं । जिसके अंतर्गत कुषाण काल, शरभपुरीय काल, सामवेद वाली सील , विभिन्न राज वंशों की मुद्राएं प्राप्त हुई हैं । यहां पर मौर्य कालीन पशु मूर्ति शिल्प के अवशेष प्राप्त होते हैं । इस गढ़ में 8 तालुका और 170 गांव थे ।

गांव की कहानी : लोमश कुमार ध्रुव

# बुड़े निही ते पाय के नाव होगे बुड़ेनी



राजिम नगरी ले 48 कि मी दूरी म बुड़ेनी गांव हे । पहली ए जगा ह जंगल झाड़ी ले घिरे रीहिस। जंगली जानवर मन के बसेरा रीहिस। पैरी नदिया के तीर में बसे हे गांव ह। जादा घर के छानी नी रीहिस। पुरा पानी में नदिया ह बढ़त गिस, अऊ वोकर खड़ ह घूरत घूरत गांव तीर में आगे। धीरे धीरे अइसे होगे कि चौमास म गांव के चारों मुड़ा पानी में घिर जाए त संसों हो जाय कभु गांव ह बुड़ जाहि का तब जुन्ना सियान मन कहय - हमर सती माता के किरपा ले बाबू हो हमर ए गांव ह बुड़े निही कहय ।

जुन्ना सियान मन ल पक्का भरोसा रीहिस कि माता सती के दया मया ले हमर गांव कभु नी बुड़े। फेर पुरा पानी आवय त लईका जवान मन ल डर हो जाय। तभो ले डर के मारे ऊहा ले उसल के थोरीक दूरीहा में बसे लगिन। पहली वो गांव के कोनो नाव नी रीहिस । फेर बस्ती ल बुड़े निही कहय। धीरे धीरे वोमे हो अक्षर ह लोप होगे अऊ गांव के नाव बुड़ेनी होगे। अब इही नाव ह सबर दिन बर धरागे अऊ चलन में आगे।

अभी घलव ओ जुन्ना डीही के चिन्हारी हावय। सती माता के किरपा ले आज तक गांव ह कभु नी बुड़ीस। अब इन्हा पहली जईसे जंगल नी रहीगे। इहा अब खेत खार बारी बखरी बन गेहे।

चिन्हारी

डा. प्रकाश पतंगीवार

## देखने को भी नहीं मिलते अब घानी

प्राचीन काल में जब मानव ने खाना पीना, फल फूल छोड़ कर अन्न खाने लगा, तब अनाज के साथ तेल उपजाना या तेल का महत्व समझा जाने लगा । पहले तिलहन को यूं खाता रहा । फिर तिलहन से तेल निकालना भी सीखा । प्राचीन काल में तेल निकालने के साधन को तिलही या तिरही कहा जाता था । इसका निर्माण स्वयं मनुष्य ने किया था। लकड़ी के दो मोटे लट्ठों का आधार लेकर प्रणालिका द्वारा कुचल दिया जाता था । तिलहन को मोहलाईन वृक्ष के तने की छाल से खूब रगड़ा जाता था । प्रणालिका से तेल निचुड़कर सतह पर रखे बर्तन में टपकने लगता था। तिरही से तेल निकालने के लिए धैर्य की आवश्यकता होती है । तिरही का उपयोग प्राचीन काल से मध्य काल तक सतत जारी रहा । मनुष्य के दैनिक जीवन में तेल का महत्वपूर्ण स्थान है। अगर तेल न होता, तो हमारे पकवान कैसे पकते । अच्छा हुआ जो मानव ने तिलहन को पहचाना और तेल के अलग अलग प्रयास किए । तब जमाना मशीन का नहीं होता था । जब मनुष्य का धैर्य टूट गया, पशु बल से काम लिया जाने लगा, इसे कोल्हू कहा गया । आंचलिक भाषा में इसे घानी बोला जाता है । घान यानी तादात, यह तिलहन डालने की गणना पर आधारित होता है । घानी में तिलहन डालने से वह स्पेलर (अलग अलग) कर देता है । तेल और खली अलग अलग हो जाते हैं । वर्तमान में कोल्हू गायब हो चुके हैं । पहले हर वि ख में कोल्हू या घानी वह भी बहुतायत में होते हैं। आज की स्थिति में उनके निशान भी नहीं मिलते हैं । घानी का तेल सर्वश्रेष्ठ माना जाता था, क्योंकि तेल पेरते समय तापमान कम होता था। पोषक तत्व बना रहता था, तीक्ष्ण गंध होती थी, तीखा होता था ।


सुरताः डुमन लाल ध्रुव

# छत्तीसगढ़ के क्रांतिकारी रहे सुरेन्द्र साय

> अंग्रेजों ने संबलपुर राज्य पर अपनी कूटनीति से कब्जा कर लिया था। रियासत के राज सिंहासन पर अपने मन पसंद शासकों को बैठा कर वे जनता का शोषण करने लगे। चौहान वंश के वास्तविक उत्तराधिकारी होने के बावजूद सुरेन्द्र साय को गद्दी से दूर रखा गया। इससे प्रजा में असंतोष और विद्रोह की भावना पनपी। इसी अन्याय के खिलाफ सुरेन्द्र साय ने आदिवासी समाज, किसानों और आम जनता को संगठित किया। उनका उद्देश्य केवल राजसिंहासन पाना नहीं था, बल्कि जनता को अंग्रेजों और सामंती अत्याचार से मुक्त कराना था। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में जब पूरे देश में विद्रोह की आग भड़क उठी, उस समय वीर सुरेन्द्र साय ने संबलपुर अंचल को रणभूमि बना दिया।

छत्तीसगढ़ ओड़िशा अंचल के महान जननायक वीर सुरेन्द्र साय का जन्म 23 जनवरी 1809 को तत्कालीन संबलपुर के खिंदकटा गांव में हुआ। यह वीर पुरुष उन्हीं शहीदों में हैं जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर ब्रिटिश सरकार की नींव हिला दी।

अंग्रेजों ने संबलपुर राज्य पर अपनी कूटनीति से कब्जा कर लिया था। रियासत के राज सिंहासन पर अपने मन पसंद शासकों को बैठा कर वे जनता का शोषण करने लगे। चौहान वंश के वास्तविक उत्तराधिकारी होने के बावजूद सुरेन्द्र साय को गद्दी से दूर रखा गया। इससे प्रजा में असंतोष और विद्रोह की भावना पनपी। इसी अन्याय के खिलाफ सुरेन्द्र साय ने आदिवासी समाज, किसानों और आम जनता को संगठित किया। उनका उद्देश्य केवल राजसिंहासन पाना नहीं था, बल्कि जनता को अंग्रेजों और सामंती अत्याचार से मुक्त कराना था। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता



संग्राम में जब पूरे देश में विद्रोह की आग भड़क उठी, उस समय वीर सुरेन्द्र साय ने संबलपुर अंचल को रणभूमि बना दिया। उन्होंने अंग्रेजों की नीतियों का विरोध करते हुए अपने आदिवासी वीर साथियों उधम साय, मगर साय, अर्जुन साय और अन्य क्रांतिकारियों के साथ मिलकर अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध मोर्चा खोला। ब्रिटिश सरकार ने उन्हें कई बार उन्हें पकड़ने की कोशिश की, किन्तु उनकी युद्ध नीति के आगे अंग्रेज नाकाम रहे। अंततः छल कपट से उन्हें गिरफ्तार कर कई बार जेल में डालते रहे। उन्हें अकलपुर और हजारीबाग की जेलों में वर्षों तक कैद कर रखा गया। लंबी कैद से उनकी सेहत बिगड़ने लगी, परन्तु अंग्रेजों ने उन्हें रिहा करने से इंकार कर दिया। 28 फरवरी 1884 को आसाम की अकलपुर जेल में सुरेन्द्र साय ने अंतिम सांस ली। आज भी उनका नाम जनजातीय गौरव और स्वतंत्रता के अमर सेनानी के रूप में लिया जाता है।

### लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

## खबर संक्षेप




### जीएसपी क्रॉप का निर्गम 4 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** कृषि रसायन कंपनी जीएसपी क्रॉप साइंस लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 320 के मुकाबले करीब चार प्रतिशत की बढ़त के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 3.84 प्रतिशत की बढ़त के साथ 332.30 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में 13.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 362.30 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर ने 2.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ 328 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 1,535.12 करोड़ रुपये रहा।

### एसीएमई सोलर ने बैटरी भंडारण क्षमता शुरू की

**नई दिल्ली।** एसीएमई सोलर होल्डिंग्स ने उसकी अनुषंगी कंपनियों के माध्यम से अतिरिक्त 155 मेगावाट/470.25 मेगावाट-घंटा बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) क्षमता शुरू कर दी है।



कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि इसके साथ ही उसकी कुल चालू बैटरी ऊर्जा भंडारण क्षमता बढ़कर 297.67 मेगावाट/951.74 मेगावाट-घंटा हो गई है।

# देश में 10 साल में 11 एयरलाइंस बंद, कंपनियों के सिर पर 400 करोड़ तक का कर्ज

## अंदर की सच्चाई को सरकार ने संसद में बताया, एविएशन सेक्टर में लागत बहुत ज्यादा होती है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत का एविएशन सेक्टर तेजी से बढ़ता हुआ जरूर दिखता है, लेकिन इसके अंदर की सच्चाई उतनी आसान नहीं है। सरकार ने संसद में बताया है कि साल 2016 के बाद से अब तक देश में 11 एयरलाइंस अपने ऑपरेशन बंद कर चुकी हैं। यह आंकड़ा दिखाता है कि इस सेक्टर में मौके जितने बड़े हैं, जोखिम भी उतने ही ज्यादा हैं।

यह जानकारी नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने राज्यसभा में टीएमसी सांसद साकेत गोखले के सवाल के जवाब में दी। सरकार ने साफ किया कि एयरलाइंस के बंद होने के पीछे मुख्य वजह वित्तीय दबाव, विमानों की कमी और कंपनियों के अंदरूनी मैनेजमेंट से जुड़े मुद्दे रहे हैं। एविएशन सेक्टर में लागत बहुत ज्यादा होती है। ईंधन की कीमत, लीज पर लिए गए एयरक्राफ्ट का खर्च, एयरपोर्ट चार्ज और मेंटेनेंस जैसे खर्च कंपनियों पर भारी पड़ते हैं। अगर पैसों का फ्लो सही नहीं रहा या मैनेजमेंट में गड़बड़ी हुई, तो एयरलाइंस के लिए टिके रहना मुश्किल हो जाता है। सरकार के मुताबिक एयरलाइंस एक डीरगुलेटेड माहौल में काम करती हैं, जहां वे अपने बिजनेस फैसले खुद लेती हैं। यही वजह है कि सरकार उनके ऑपरेशनल या फाइनेंशियल मामलों में सीधे दखल नहीं देती।

### सरकार क्या कर रही है

हालांकि सरकार ने यह जरूर कहा कि वह सेक्टर को मजबूत करने के लिए पॉलिसी स्तर पर लगातार काम कर रही है। इसमें एयरपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार, ट्रैफिक राइट्स को आसान बनाना और नए एयरक्राफ्ट जोड़ने में मदद शामिल है। इसके अलावा उड़ान योजना के जरिए छोटे शहरों को हवाई नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है, जिससे डिमांड बढ़े और एयरलाइंस को नए रूट्स मिलें। ई गवर्नेंस और आसान प्रक्रियाओं के जरिए भी बिजनेस करना आसान बनाने की कोशिश की जा रही है।



### इंडस्ट्री में बड़े बदलाव

सरकार ने यह भी बताया कि एविएशन सेक्टर में तेजी से स्ट्रक्चरल बदलाव हो रहे हैं। एयरएशिया इंडिया अब एआईएक्स कनेक्ट के नाम से जानी जाती है और इसका विलय एयर इंडिया एक्सप्रेस में हो चुका है। वहीं विस्तारा का भी विलय एयर इंडिया में किया जा चुका है, जिससे साफ है कि इंडस्ट्री अब कंसोलिडेशन की तरफ बढ़ रही है।

# सोना 1,200 चढ़कर 1.44 लाख रुपए पर चांदी रही स्थिर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में चार दिन से जारी गिरावट का सिलसिला टूट गया और इसके भाव 1,200 रुपये बढ़कर 1.44 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए। वहीं चांदी की कीमतें 2.30 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर बनी रहीं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,43,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर बंद हुई थी। कारोबारियों ने घरेलू सोने की कीमतों में आए इस उछाल का श्रेय वैश्विक जिंस बाजारों में आये सुधार और हाल ही में कीमतों में आई भारी गिरावट के बाद निचले स्तर पर हुई कुछ खरीदारी को दिया।

■ चांदी 2.30 लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही



### निवेशकों का रुख सतर्क बना हुआ

हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि इस संघर्षविराम की प्रभावशीलता को लेकर अभी संदेह बना हुआ है, जिसके चलते निवेशकों का रुख सतर्क बना हुआ है। विश्लेषकों का कहना है कि भू-राजनीतिक मोर्चे से मिल रहे मिले-जुले संकेतों के कारण निकट भविष्य में सर्राफा की कीमतें अस्थिर रहने की संभावना है।

# ट्रंप के बयान से बाजार में लौटी बहार, 1372 अंक उछलकर बंद हुआ सेंसेक्स, निफ्टी में भी रौनक

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1,372 अंक उछल गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 400 अंक की बढ़त रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले की योजना को अस्थायी रूप से टाले जाने की घोषणा के बाद एशिया के अन्य बाजारों में तेजी के साथ घरेलू बाजार बढ़त में रहे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,372.06 अंक यानी 1.89 प्रतिशत चढ़कर 74,068.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,793 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 399.75 अंक यानी 1.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,912.40 अंक पर बंद हुआ।

■ एशिया के अन्य बाजारों में भी बढ़त दर्ज की गई

### ट्रंप ने हमले की समयसीमा पांच दिन टाली

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की समयसीमा बढ़ा दी है। उन्होंने यह भी कहा कि वह ईरानी ऊर्जा स्थलों पर हमले पांच दिन के लिए टाल रहे हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है।

**NSE NIFTY — TOP GAINERS, March 24, 2026**

| % | | POINTS |
|---|---|---|
| +5.49 | IndiGo | 4,162.00 |
| +5.17 | LT | 3,515.10 |
| +4.97 | Bajaj Finance | 853.00 |
| +4.89 | Eternal | 238.05 |
| +4.68 | Asian Paints | 2,220.50 |
| +4.04 | Apollo Hospitals | 7,433.50 |
| +3.95 | UltraTech Cement | 10,771.00 |
| +3.54 | Tech Mahindra | 1,433.00 |
| +3.35 | Shriram Finance | 907.10 |
| +3.35 | Kotak Bank | 368.50 |

**BSE SENSEX — TOP GAINERS, March 24, 2026**

| % | | POINTS |
|---|---|---|
| +5.19 | LT | 3515.35 |
| +5.18 | IndiGo | 4151.15 |
| +4.85 | Eternal | 237.95 |
| +4.69 | Bajaj Finance | 850.00 |
| +4.54 | Asian Paints | 2216.80 |
| +3.87 | UltraTech Cement | 10760.85 |
| +3.57 | Tech Mahindra | 1432.90 |
| +3.11 | Adani Ports | 1344.30 |
| +3.03 | Kotak Bank | 367.15 |
| +2.88 | HDFC Bank | 765.15 |

**नई दिल्ली।** लक्ष्य सेन अगले महीने होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष टीम की अगुवाई करेंगे जबकि पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु और उन्नति हुड्डा उबर कप में भारतीय चुनौती पेश करेंगे। भारतीय बैडमिंटन संघ ने 2022 में थॉमस कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली टीम के खिलाड़ियों को काफी हद तक बरकरार रखा है। उसने 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के होर्सेंस में होने वाली प्रतियोगिता के लिए सेन, किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणय तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को टीम में बनाए रखा है। युवा शटलर आयुष शेट्टी को सीनियर स्तर पर लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद पहली बार टीम में जगह मिली है।

**मियामी ओपन :** यानिक ने एकतरफा मुकाबले में मौटेट को 6-1, 6-4 से हराया

# एटीपी मास्टर्स में लगातार 26 सेट जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने सिनर, तोड़ा जोकोविच का रिकॉर्ड

एजेंसी ▸▸| मियामी

इटली के टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर ने मियामी ओपन में इतिहास रच दिया है। उन्होंने एकतरफा मुकाबले में कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ 6-1, 6-4 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार 26 सेट जीतने का रिकॉर्ड बनाया।

उन्होंने इस मामले में सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को पीछे छोड़ दिया है। नोवाक जोकोविच के नाम एटीपी मास्टर्स 1000 में लगातार 24 सेट जीतने का रिकॉर्ड था। सिनर ने इससे पहले टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जीत दर्ज करते हुए जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। मैच के बाद उन्होंने कहा कि वे अपनी फॉर्म से खुश हैं और हर मैच में ध्यान बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं।

### 13 मास्टर्स में 1000 मैच जीत चुके हैं सिनर

सिनर का यह सिलसिला पिछले नवंबर में पेरिस मास्टर्स से शुरू हुआ था, जहां उन्होंने बिना कोई सेट गंवाए खिताब जीता था। उन्होंने मार्च में भी शानदार फॉर्म को जारी रखा और पैरिबास ओपन में भी अपने दमदार प्रदर्शन को दोहराया। एटीपी की रिपोर्ट के मुताबिक, मियामी में अपनी दो जीत की वजह से सिनर अब लगातार 13 मास्टर्स 1000 मैच जीत चुके हैं।अब उनका अगला मुकाबला अमेरिका के युवा खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन से होगा, जिन्होंने एलेजांद्रो टैबिलो को हराकर अगले दौर में जगह बनाई है।




### 'सनशाइन डबल' हासिल करना लक्ष्य

सिनर का लक्ष्य 2017 में रोजर फेडरर के बाद 'सनशाइन डबल' हासिल करने वाले खिलाड़ी बनने का होगा। रैंकिंग की बात करें तो सिनर इस समय वर्ल्ड नंबर 1 की रेस में कार्लोस अल्काराज (स्पेनिश खिलाड़ी) के करीब पहुंचते जा रहे हैं। कार्लोस को रविवार को तीसरे राउंड में सेबेस्टियन कोर्डा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद वह टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं।

### टियाफो ने मेंसिक को कड़े मुकाबले में हराया

एक अन्य मुकाबले में अमेरिका के फ्रांसेस टियाफो ने डिफेंडिंग चैंपियन जैकब मेंसिक को कड़े मैच में 7-6(4), 4-6, 7-6(11) से हराया। 28 साल के टियाफो मियामी में पांचवीं बार और 2022 के बाद पहली बार चौथे राउंड में पहुंचे हैं। दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी का अगला मैच फ्रांसीसी खिलाड़ी टेरेंस एटमेन से होगा, जिन्होंने कनाडाई टेनिस प्लेयर फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-3, 1-6, 6-3 से हराया था।

### पहले दौर में हारे युकी-वीनस



भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस मियामी ओपन के पहले दौर में जॉन पैट्रिक स्मिथ और सैंडर्स एरेंड्स से हारकर बाहर हो गए। युकी और वीनस को अंतिम 32 के मुकाबले में आस्ट्रेलिया के स्मिथ और नीदरलैंड के एरेंड्स ने एक घंटे 52 मिनट में 4-6, 7-5, 15-13 से हराया। इन दोनों जोड़ियों के बीच यह पहला ही मुकाबला था। युकी इस महीने की शुरुआत में आंद्रे गोरानसन के साथ इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

आईपीएल में नया नियम

# अब 10 ओवर के बाद आएगा मैच में रोमांच




एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

आईपीएल का नया सीज़न 28 मार्च से शुरू होने वाला है। बस कुछ ही दिनों में, दो टीमें एक-दूसरे का सामना करेंगी। इसी बीच, बीसीसीआई ने एक नया नियम पेश किया है, जो काफी दिलचस्प है। खास बात यह है कि उम्मीद की जा रही है कि यह नया नियम पहले 10 ओवर पूरे होने के बाद मैच में उत्साह की एक नई लहर लाएगा।

### गेंद बदलने से जुड़े नियम

बीसीसीआई ने आईपीएल में गेंद बदलने को लेकर एक नया नियम लागू किया है, और इसमें हिस्सा लेने वाली टीमों को इसकी जानकारी पहले ही दे दी गई है। मैच के दौरान, अगर गेंद किसी ऐसी जगह चली जाती है जहाँ से उसे वापस नहीं लाया जा सकता—या अगर अंपायर को लगता है कि गेंद खराब हो गई है और उसे बदलने की ज़रूरत है तो इस बारे में आखिरी फैसला लेने का अधिकार सिर्फ़ अंपायर के पास होगा। अक्सर ऐसा होता है कि कोई बल्लेबाज़ छक्का मारता है और गेंद स्टेडियम से बाहर चली जाती है, जिसे बाद में कोई दर्शक अपने साथ ले जाता है, ऐसे मामलों में, यह नया नियम लागू होगा। नियमों के मुताबिक, बदली गई गेंद की खासियतें (स्पेसिफिकेशन्स) बिल्कुल वैसी ही होनी चाहिए जैसी पहले इस्तेमाल हो रही गेंद की थीं।

### दूसरी पारी में 10 ओवर पूरे होने के बाद गेंद बदलना

इसके अलावा, एक दूसरा नियम यह भी है कि दूसरी पारी के दौरान, गेंदबाज़ी करने वाली टीम अंपायर से गेंद बदलने का अनुरोध कर सकती है। हालांकि, यह अनुरोध सिर्फ़ 10 ओवर पूरे होने के बाद ही किया जा सकता है। मैच की दूसरी पारी में गेंदबाज़ी करने वाली टीम को 10वें ओवर के बाद किसी भी समय गेंद बदलने की इजाज़त है, लेकिन इस विकल्प का इस्तेमाल पूरी पारी में सिर्फ़ एक बार ही किया जा सकता है। हालांकि, यह ध्यान रखना ज़रूरी है कि यह खास नियम सिर्फ़ शाम के मैचों पर ही लागू होता है। इसलिए, जो मैच दोपहर 3:30 बजे (दिन के मैच) शुरू होने वाले हैं, उन पर गेंद बदलने का यह नियम लागू नहीं होगा। इस नियम की एक अहम बात यह है कि गेंद सिर्फ़ तभी बदली जा सकती है जब कोई ओवर पूरा हो चुका हो। चल रहे ओवर के बीच में गेंद नहीं बदली जा सकती।

साउथ अफ्रीका टी20 सीरीज

# भारतीय महिला टीम का ऐलान, अनुष्का का डेब्यू



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अनुष्का शर्मा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 17 अप्रैल से शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 क्रिकेट श्रृंखला के लिए पहली बार भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया है। श्रृंखला के मैच डरबन, जोहानिसबर्ग और बेनोनी में होंगे। अनुष्का शर्मा को डब्ल्यूपीएल 2026 से पहले गुजरात जाइंट्स ने 45 लाख रुपए में खरीदा था । बाईस वर्ष की यह खिलाड़ी पिछले महीने बैंकॉक में राइजिंग स्टार्स एशिया कप में भारत ए टीम की सदस्य थी।

### स्नेह, अमनजोत, कमलिनी को नहीं मिला मौका

आस्ट्रेलिया को 2-1 से हराने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रही स्नेह राणा, अमनजोत कौर, कमलिनी और वैष्णवी शर्मा को दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिये टीम में जगह नहीं मिली है। तेज गेंदबाज काशवी गौतम को हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम में शामिल किया गया है। यह श्रृंखला जून जुलाई में ब्रिटेन में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम है ।

### भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रौड्रिग्स , दीप्ति शर्मा, रिचा घोष, अरुंधति रेड्डी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, श्रीचरणी, श्रेयांका पाटिल, काशवी गौतम, भारती फुलमाली, उमा छेत्री, अनुष्का शर्मा ।

### भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला कल

माले। भारत की अंडर 20 पुरुष फुटबॉल टीम सैफ चैंपियनशिप में भाग लेने पहुंच गई है और पहले मैच में गुरुवार को पाकिस्तान से खेलेगी। इस मैच के बाद ग्रुप बी में भारतीय टीम का सामना 28 मार्च को बांग्लादेश से होगा। दोनों मैच नेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे। ग्रुप ए में मालदीव, श्रीलंका, नेपाल और भूटान की टीमें हैं। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी, जो एक अप्रैल को होगा। फाइनल तीन अप्रैल को खेला जाएगा। भारत के अंडर 20 मुख्य कोच महेश गवली ने कहा,' यह काफी अहम और प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है। सभी टीमें काफी प्रतिस्पर्धी है और हमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।'

### यश दयाल नहीं खेलेंगे आईपीएल आरसीबी से रहेगा अनुबंध बरकरार

**बेंगलुरु।** विवादों में घिरे तेज गेंदबाज यश दयाल आगामी आईपीएल सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम से नहीं जुड़ेंगे, लेकिन फ्रेंचाइजी के साथ उनका अनुबंध जारी रहेगा। यह जानकारी टीम के क्रिकेट निदेशक बोबाट ने दी। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी पर कथित यौन शोषण के दो मामले दर्ज हैं। इसमें एक मामला नाबालिग से जुड़ा हुआ है। उन्होंने आरसीबी के लिए 2025 आईपीएल फाइनल में खेलने के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। आरसीबी ने उस फाइनल में जीत दर्ज कर पहली बार खिताब अपने नाम किया था।



**हमने अब तक उनका पूरा समर्थन किया: बोबाट**

बोबाट ने कहा, मैं इस बात की पुष्टि कर सकता हूं कि यश टीम के साथ नहीं जुड़ेंगे। वे इस समय व्यक्तिगत परिस्थितियों से गुजर रहे हैं। हमने अब तक उनका पूरा समर्थन किया है और यह खिलाड़ियों को रिटेन या रिलीज करने के फैसले में भी दिखता है। उन्होंने कहा, हम उन्हें टीम में बनाए रखना चाहते थे और वे अनुबंध के तहत बने हुए हैं। निकट भविष्य में भी उनका अनुबंध जारी रहेगा। बोबाट ने बताया कि फ्रेंचाइजी ने उनके साथ संवाद बनाए रखा है। उन्होंने कहा, हम नियमित रूप से उनसे संपर्क में हैं।

# आरसीबी का भावुक फैसला, भगदड़ में जान गंवाने वालों की याद में पहनेंगे खास जर्सी

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाड़ी पिछले साल टीम की जीत के जश्न के दौरान भगदड़ में मारे गए 11 लोगों की याद में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में मैच से पहले अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। आरसीबी ने पिछले साल पहली बार आईपीएल ट्रॉफी जीती थी। इस जीत के जश्न के लिए चार जून को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में समारोह का आयोजन किया गया था। सुरक्षा की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण भगदड़ मच गई, जिसमें 11 लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद आरसीबी को कड़ी आलोचना का




### 28 मार्च को सनराइजर्स के खिलाफ पहला मैच

आरसीबी के सीईओ राजेश मेनन ने कहा, ' मैच वाले दिन खिलाड़ी अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। मैच के दौरान वे अपनी जर्सी नंबर में ही नजर आएंगे। अभ्यास के दौरान सभी खिलाड़ियों की पीठ पर जर्सी नंबर 11 लिखा होगा।' उन्होंने कहा, 'इसके अलावा उस दिन वे काले रंग के धूप के चश्मे भी पहनेंगे। हम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 11 स्थायी सीटें बनाने पर भी विचार कर रहे हैं।

### चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी ने किया 7 करोड़ रुपए का निवेश

*रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश मेनन ने बताया कि फ्रेंचाइजी ने एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के अंदर और आसपास भीड़ प्रबंधन ढांचे को मजबूत करने के लिए करीब 7 करोड़ रुपए का निवेश किया है। यह कदम पिछले वर्ष चार जून 2025 को टीम के आईपीएल खिताब जश्न के दौरान स्टेडियम के पास हुई भगदड़ में 11 प्रशंसकों की मौत के बाद उठाया गया है। इस घटना के बाद आरसीबी और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) को सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने के लिए बाध्य होना पड़ा था। मौजूदा आईपीएल सत्र में गत चैंपियन आरसीबी इस स्टेडियम में पांच मुकाबले खेलेगी, जिसकी शुरुआत शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उद्घाटन मैच से होगी।*

आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग: हरमनप्रीत 14वें और दीप्ति तीसरे नंबर पर पहुंची

# स्मृति का जलवा बरकरार, हरमनप्रीत और दीप्ति को बढ़त

एजेंसी ▸▸| दुबई

भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर नवीनतम रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गईं। मंधाना के अलावा आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा शीर्ष 10 में शामिल दूसरी भारतीय खिलाड़ी है। उन्होंने अपना छठा स्थान बरकरार रखा है, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स संयुक्त 11वें स्थान पर बनी हुई हैं।

गेंदबाजी विभाग में स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा एक पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर छठे स्थान पर बनी हुई हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी शीर्ष 10 से बाहर होकर 11वें स्थान पर खिसक गई है। दीप्ति ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी तीसरे नंबर पर पहुंच गई हैं।




### बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल जॉर्जिया

ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल पहली बार बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल हुईं, जबकि न्यूजीलैंड की स्टार सोफी डिवाइन के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दो अर्धशतकों ने उन्हें सूची में दो स्थान ऊपर18वें स्थान पर पहुंचने में मदद की। रवांडा की 15 वर्षीय फैनी उटागुशिमानिंदे टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने पदार्पण मैच में (घाना के खिलाफ) शतक लगाने वाली दुनिया की पहली महिला खिलाड़ी बनी। यही नहीं वह पुरुष और महिला क्रिकेट में खेल के सबसे छोटे प्रारुप में शतक लगाने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी भी बनी। इससे उन्होंने 66वें स्थान पर रैंकिंग में प्रवेश किया है।

राहुल गांधी ने पश्चिम एशिया संघर्ष पर प्रधानमंत्री के संसद में दिए वक्तव्य को बताया अप्रासंगिक

# 'पीएम मोदी वही करते हैं, जो अमेरिका और इजरायल उनसे करवाना चाहते हैं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के हित के फैसले ले ही नहीं सकते। वे सिर्फ वही करते हैं, जो अमेरिका और इजराइल उनसे करवाना चाहते हैं। संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान पश्चिम एशिया युद्ध में पाकिस्तान की मध्यस्थता की खबरों के बीच भारत की कोई भूमिका नहीं होने को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि भारत की मौजूदा विदेश नीति प्रधानमंत्री मोदी की व्यक्तिगत विदेश नीति है। इसका नतीजा सबके सामने है; हर कोई इसे एक वैश्विक मजाक मानता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अच्छी तरह जानते हैं कि मोदी जी क्या कर सकते हैं और क्या नहीं। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि देश की विदेश नीति आज 'कॉम्प्रोमाइज्ड' है, क्योंकि मोदी खुद 'कॉम्प्रोमाइज्ड' हैं। उन्होंने इस दौरान भारत-अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते का हवाला भी दिया।





## मोदी की कोई पोजीशन ही नहीं

राहुल गांधी ने पश्चिम एशिया संघर्ष पर सोमवार को प्रधानमंत्री द्वारा लोकसभा में दिए गए वक्तव्य को पूरी तरह से अप्रासंगिक बताया। उन्होंने कहा कि उनके वक्तव्य में दिखना चाहिए था कि हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री के तौर पर उनका रुख क्या है, लेकिन उनकी कोई पोजीशन ही नहीं है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने पश्चिम एशिया संघर्ष से उपजे संकट को लेकर आगाह किया कि अभी तो शुरुआत हुई है। आने वाले दिनों में एलपीजी, पेट्रोल-डीजल, फर्टिलाइजर (खाद) समेत तमाम क्षेत्रों में समस्या पैदा होगी।

**प्रधानमंत्री को चीजों की बुनियादी समझ नहीं** : प्रधानमंत्री द्वारा वर्तमान संकट की 'कोविड जैसे समय' से तुलना किए जाने पर पलटवार करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मोदी जी शायद भूल गए हैं कि कोविड के दौरान देश ने कितनी बड़ी त्रासदी झेली, कितने लोगों की जान गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री को चीजों की बुनियादी समझ नहीं है।

## पीएम मोदी संबोधन 'भ्रम फैलाने वाला' : खड़गे

हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली। राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने प्रधानमंत्री के लगभग 20 मिनट के संबोधन को 'भ्रम फैलाने वाला' बताते हुए कई गंभीर सवाल उठाए हैं। खड़गे ने आरोप लगाया कि इजराइल दौरे के बाद भारत को कूटनीतिक स्तर पर नुकसान झेलना पड़ा, लेकिन इस बदलाव के बारे में न तो संसद को भरोसे में लिया गया और न ही देश को जानकारी दी गई।

### क्या देशवासियों को खुद ही हालात से निपटना होगा?

खड़गे ने सवाल किया कि क्या सरकार अब यह संकेत दे रही है कि 140 करोड़ भारतीयों को फिर से खुद ही हालात से निपटना होगा? उन्होंने कहा कि ऊर्जा संकट के साथ-साथ खाद, उर्वरक, एमएसएमई और महंगाई का दबाव भी बढ़ सकता है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री का बयान बहुत देर से आया है और इससे जवाब कम, सवाल ज्यादा खड़े हुए हैं। उन्होंने सरकार से पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग की है।

# छत्तीसगढ़ में 1.33 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार करते हुए, भारत सरकार ने स्वामित्व योजना के तहत छत्तीसगढ़ के सभी 15 हजार 791 अधिसूचित आबादी वाले गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। केंद्रीय कैबिनेट मंत्री ललन सिंह ने रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को लोकसभा में मंगलवार को इस संबंध में पूछे गए सवालों का ज़वाब देते हुए बताया कि सर्वेक्षण किए गए क्षेत्रों में से 2 हजार 709 गांवों के लिए संपत्ति कार्ड पहले ही तैयार किए जा चुके हैं। अब तक कुल 2 लाख 7 हजार 600 संपत्ति कार्ड बनाए गए हैं, जिनमें से 1 लाख 33 हजार 487 कार्ड उनके सही मालिकों को सफलतापूर्वक वितरित किए जा चुके हैं। राज्य में क्रियान्वयन के मामले में महासमुंद जिले ने सबसे अधिक 39 हजार 626 कार्ड वितरित किए हैं, जिसके बाद धमतरी और बलौदाबाजार-भाटापारा का स्थान है। इस पहल के परिवर्तनकारी प्रभाव पर जोर देते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि पंचायती राज योजनाएं, विशेष रूप से स्वामित्व योजना, ग्रामीण आर्थिक सशक्तिकरण की रीढ़ हैं।



- स्वामित्व योजना ने हासिल किया 100 फीसदी ड्रोन मैपिंग का लक्ष्य

नंदीग्राम के बीडीओ को भवानीपुर ट्रांसफर करने पर गुस्साई ममता

# 'एसआईआर ही चुनाव आयोग और भाजपा को खत्म करेगा'

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि भाजपा चुनाव को लेकर डरी हुई है, इसलिए चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर रही है। ममता ने कहा कि देश का निर्वाचन आयोग निष्पक्ष नहीं है। एसआईआर ही चुनाव आयोग और भाजपा को खत्म करेगी। वहीं भाजपा ने ममता पर आरोप लगाया है कि चुनाव हारने के डर से ममता अब अनाप-शनाप आरोप लगा रही हैं। एक क्लर्कियल मिस्टेक को बड़ मुद्दा बना रही हैं. लेकिन बंगाल की जनता अब टीएमसी से ऊब गई है।


**SBI भारतीय स्टेट बैंक** | क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, क्षेत्र-1, बैरन बाजार, रायपुर (छ.ग.) | **आम सूचना**

**एसबीआई क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, क्षेत्र-1, रायपुर, की पंडरी शाखा एवं एस.एम.ई. पंडरी शाखा के लिए व्यवसायिक परिसर की आवश्यकता**

पंडरी शाखा, रायपुर (अनुमानित 5000 से 5200 वर्गफीट एवं एस.एम.ई. पंडरी शाखा, रायपुर (अनुमानित 3200 से 3500 वर्गफीट निर्मित क्षेत्र / निर्माणाधीन परिसर, भूतल पर, मेन रोड पर) जिला रायपुर के लिए पट्टे किराया आधार पर व्यवसायिक परिसर (प्रमुखतः भूतल, भवन में पार्किंग एवं दिव्यांग जन/ वरिष्ठनागरिकों की सुविधा हेतु रैम्प / लिफ्ट का प्रावधान होना चाहिए) हेतु मालिकाना पॉवर ऑफ़ एटॉर्नी धारकों से उसी परिक्षेत्र के 1 कि.मी. परिधि के अंतर्गत निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।अन्य विवरणों तथा निविदा कागजात (तकनीकी बोली एवं मूल्य बोली) डाउनलोड करने हेतु कृपया बैंक की वेबसाईट www.sbi.co.in पर लिंक "Procurement News" के अंतर्गत दिनांक 25.03.2026 से 09.04.2026 के बीच लॉग इन करें, इच्छुक व्यक्ति अपनी निविदा बैंक में दिनांक 09.04.2026 को दोपहर 3.00 बजे तक सील बंद लिफाफे में पूर्ण जानकारी सहित निम्न पते पर प्रस्तुत करें- भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, क्षेत्र-1, बैरन बाजार, रायपुर। विशेष जानकारी हेतु उक्त कार्यालय में दिनांक 25.03.2026 से 09.04.2026 के बीच संपर्क करें। भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, क्षेत्र-1, बैरन बाजार रायपुर (छ.ग.) में निविदाएँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 09.04.2026 को दोपहर 3.00 बजे तक होगी।

दिनांक : 25.03.2026, स्थान : रायपुर | क्षेत्रीय प्रबंधक



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत सरकार का उपक्रम | Union Bank of India A Government of India Undertaking

क्षेत्रीय कार्यालय- रायपुर, प्लॉट नं. 71, सेक्टर- 24 अटल नगर, नया रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492018

परिशिष्ट-IV ए [नियम 6(8) के परंतुक को देखें]

**अचल संपत्ति की विक्रय हेतु बिक्री सूचना**

**ई-नीलामी बिक्री सूचनाः बैंक में बंधक रखे अचल संपत्तियों का, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत, प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के सहपठित धारा 8 (6) के तहत विक्रय किया जाना है।**

सर्वसाधारण, विशेष रुप से ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिनका **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** के प्राधिकृत अधिकारी ने **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** लिया है, **"जैसा है, जहां है और जैसा है, जो है"** के आधार पर दिनांक **10/04/2026** समय **(प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक)** पर नीलाम किया जावेगा, जिसका विवरण नीचे दिए अनुसार है। आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि संपत्ति के विरुद्ध नीचे दर्शाये गये तालिका में उल्लेख किया गया है।

| | उधारकर्ता एवं जमानतदार/शाखा का नाम | सपत्तियों का विवरण | बकाया राशि (रु.) | आरक्षित मूल्य / अमानत राशि / बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमती पारूल पटेल पत्नी श्री आशीष पटेल, श्री आशीष पटेल सह- आबद्ध श्री राकेश लेखवानी पुत्र श्री श्यामलाल लेखवानी. शाखाः राजनांदगांव | **पारुल पटेल** के नाम पर खसरा नं. 240/51 से 365/51, वार्ड नं. 20, गुरु गोविंद सिंह वार्ड, गली नं. 8, राजनांदगांव, लालबाग, सिंधी कालोनी में स्थित आरसीसी रुफ आवासीय भवन। | ₹ 24,82,000.00/- + 01.04.2022 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 24.50 लाख<br>₹ 2.45 लाख<br>₹ 0.25 लाख |
| 02 | ऋणी- बाबा महंत दास<br>मिताली दास पति बाबा महंत दास<br>शाखाः घड़ी चौक, सुपेला (छ.ग.) | प्लॉट नं. ईडब्ल्यूएस- 115ए, वार्ड नं. 7, फरीद नगर, छ.ग. हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, कोहका, भिलाई (छ.ग.) | ₹ 12,88,844.34 + 22.09.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 15.00 लाख<br>₹ 1.50 लाख<br>₹ 0.15 लाख |
| 03 | राम अवतार शर्मा पुत्र रमन्ना शर्मा एवं श्रीमती प्रभा शर्मा<br>शाखाः समता कालोनी | **प्रभा शर्मा पति- राम अवतार शर्मा** के नाम पर खसरा नं. 363/1, 364/1, 365/1, पीसी नं. 110/40, गोल्डन ग्लोरी अपार्टमेंट की 5वीं मंजिल, शंकर नगर, वार्ड नं. 29, रायपुर, क्षेत्रफल- 1455 वर्गफीट में स्थित आवासीय फ्लैट नं. बी/504 के समस्त भाग व अंश। | ₹ 44,82,000.00 + 01.04.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 35.50 लाख<br>₹ 3.55 लाख<br>₹ 0.40 लाख |

**उपरोक्त संपत्तियों पर ऋणभार का विवरण, जैसा कि बैंक को ज्ञात है - ज्ञात नहीं है।**

**ई-नीलामी की तिथि व समयः 10/04/2026, सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक।**

पंजीकरण, लॉगिन एवं बोली नियमों के लिए देखें **ऑनलाइन ई-नीलामी वेब पोर्टल/वेबसाइट https://baanknet.in** के माध्यम से आयोजित की जाएगी, किसी भी विस्तृत पूछताछ के लिए कृपया संपर्क करें: **क्र. 01 के लिए: श्री गौरव रोकड़े/ मोबा. 9284013315, क्र. 02: श्री प्रदीप बारिक/ मोबा. 7077103753 एवं क्र. 03: श्री जितेन्द्र नायक/ मोबा. 7250567881.**

**उधारकर्ताओं और गारंटरों को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है।**

दिनांकः 24.03.2026, | प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया


## पिनाका रॉकेट लॉन्चर की नई रेजिमेंट शुरू, 7 ऑपरेशनल एक और जल्द ही

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर का एक और रेजिमेंट शुरू किया है। इनको मिलाकर अभी भारतीय सेना के पास पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर के कुल सात रेजिमेंट ऑपरेशनल हो चुके हैं। संवेदनशील सीमावर्ती इलाकों में इस घातक रॉकेट लॉन्चर की तैनाती ने भारतीय सेना की मारक क्षमता को और भी ज्यादा घातक बना दिया है। भारतीय सेना पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर की तैनाती भारत-पाकिस्तान सीमा से लेकर वास्तविक नियंत्रण रेखा तक पर कर रही है। ऐसे अतिरिक्त आठ पिनाका रेजिमेंट और तैयार हो रहे हैं और इस साल के अंत तक उन्हें भी शुरू कर दिए जाने की संभावना है। एक पिनाका लॉन्चर रेजिमेंट में आम तौर पर तीन बैटरियां होती हैं। प्रत्येक बैटरी में 6 पिनाका लॉन्चर होते हैं।


**ई-नीलामी विक्रय सूचना**

निलामी की तिथि एवं समय :- 30-अप्रैल-2026, सुबह 10.30 बजे से सुबह 11.00 बजे
(बिक्री समाप्त होने तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

HDFC BANK

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**

शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर - 492001
Tel: 0771-4243149/149 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत् माननीय एनसीएलटी–मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री नोटिस जारी करता है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और सुरक्षाहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की संख्या, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित।
एतद द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को कॉलम (ए) में इंगित किया गया है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (बंध) कॉलम (सी) में वर्णित है जो सुरक्षित व्यक्ति को गिरवी रखी गई है। लेनदार, जिसका भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (डी) में वर्णित सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया गया है, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है' पर बेचा जाएगा। क्या है', और 'जो कुछ भी है' नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:
एतद्द्वारा, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के अंतर्गत कॉलम (ए) में दर्शाए गए संबंधित उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारियों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं) और समनुदेशितियों को, जैसा भी मामला हो, सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.hdfcbank.com में दिए गए लिंक को देखें।

| | (A) | (B) | (C) | (D) | (E) | (F) / (G) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स. क्रं. | ऋणी(यों) का नाम | वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (रु.)* | अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण (1 वर्गमीटर 10.76 वर्गफुट के बराबर है) | कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य (रु.) | ब्याना जमा राशि (रु.) / बोली वृद्धि राशि (रु.) |
| 1. | **टीकम श्वेता** द्वारा–कन्हैया लाल टीकम, होटल पूनम कॉम्प्लेक्स, सर्किट हाउस रोड, चांदनी चौक बस्तर, जगदलपुर – छत्तीसगढ़ 494001.<br>**टीकम श्वेता** मै. श्वेता टीकम, अतिथि होटल के पीछे, शांति नगर, जगदलपुर – छत्तीसगढ़ 494001. | ₹ 27,92,226/- 31 दिसंबर 24* की स्थिति में | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की आवासीय फ्लैट/अपार्टमेंट जिसका क्षेत्रफल 758 वर्ग फुट (कारपेट एरिया 711 वर्ग फुट) है, खसरा संख्या 148/8, 148/122 और 148/23, भाग मौजा जगदलपुर, फ्लैट संख्या 509, पांचवीं मंजिल, ब्लॉक–बी 'अविनाश अतुल्य अपार्टमेंट', प.ह.नं.–05, वार्ड संख्या 21, राजेंद्र नगर वार्ड, तहसील – जगदलपुर, जिला बस्तर, छत्तीसगढ़। उत्तर में पैसेज, दक्षिण में खुला क्षेत्र, पूर्व में फ्लैट संख्या बी 508, पश्चिम में फ्लैट संख्या बी 510 से घिरा हुआ है। **लेटिट्यूड–19.077028, लांगिट्यूड–82.005616.** | भौतिक | ₹30,72,000/- | ₹3,07,200/-<br>₹ 5,000/- |

**सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय :- 08-अप्रैल -2026, सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे**
**बोली की अंतिम तिथि :-28-अप्रैल -2026, शाम 5.00 बजे के पहले**

* साथ में अतिरिक्त ब्याज, जैसा लागू हो, भुगतान की तारीख और/या उसकी प्राप्ति तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि।
**ऋणभार/दावों का प्रकटीकरण: एचडीएफसी के अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों के संबंध में कोई भार नहीं है।**
संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, या ई–नीलामी बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए और किसी भी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी श्री लोकेश माहोरे से टेलीफोन नंबर 871800900 या श्री अंशुल अग्रवाल से टेलीफोन नंबर 9713436260 या मेसर्स वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें; ई–मेल: Auction.Manager@BidDeal.in ; संपर्क नंबर: +919266604643.
**सावधानी नोट:** बड़े पैमाने पर ई–बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड और उसके अधिकृत अधिकारी नीलामी बिक्री नोटिस में उल्लिखित अचल संपत्ति के संबंध में नकद लेनदेन नहीं करते हैं। नाम और अचल संपत्ति की बिक्री से निपटने के लिए एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा अधिकृत एजेंसी/दलाल, यदि कोई हो, का संपर्क विवरण केवल ऊपर उल्लिखित पते पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
दिनांक: 25 मार्च, 2026
स्थान: जगदलपुर
रजिस्टर्ड पता–एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई–400013
एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड प्राधिकृत अधिकारी






*Terms and Conditions applied *Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of the standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in

होंडा अधिकृत विक्रेता : रायपुर : ए सिटी होंडा – 9785823333, ग्रैंड होंडा – 0771–4033794, वरूण होंडा – 0771–4005901, जी.के. होंडा – 8058254444, आरंग: वी श्री होंडा – 9893728947, भिलाई: आन होंडा (पॉवर हाऊस): 0788–4013336, 9584378238, जुनवानी रोड (फरीद नगर मैदान के सामने) – 6269092899, नंदिनी रोड (बैंक ऑफ बडौदा के पास) – 6269090005, हाऊसिंग बोर्ड (एकता चौक) 6269090006, कोहका (रूंगटा रोड) 6269090004, नेहरू नगर (नेहरू नगर चौक) 8518020999, दुर्ग: श्री सांईराम होंडा (स्टेशन रोड) – 0788–4017246, 8458882333, रिसाली (कृष्णा टाकीज रोड) – 0788–4067690, 8823050333, बोरसी (एसबीआई बैंक के पास) – 0788–4058968, 8823050444, राजनांदगांव: अंशदीप होंडा – 07744–223100, मनराज होंडा – 07744–223333, महासमुंद: श्री आर्यन होंडा – 9425204997, दल्लीराजहरा: श्री शुभ होंडा – 7587764225, 9406082344, बालोद (गंजपारा)– 9425564232, बलौदा बाजार: किरण होंडा – 7049518181, कवर्धा: प्रथा होंडा– 7400550099, बेमेतरा : श्री रामा होंडा – 7824222521, धमतरी: श्री श्याम होंडा– 07722–233255, जगदलपुर: वाहेगुरू होंडा – 8435090001, कोंडागांव: दंतेश्वरी होंडा– 8517909999, कांकेर : शिवनाथ होंडा – 9644059600, 8720008800, 7970005301 For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com




# सूटकेस में पैक करके ले जाएं अपना घर, चांद पर बसने की नासा ने कर ली पूरी तैयारी!



**वॉशिंगटन।** क्या आपने कभी सोचा है कि धरती से हजारों किलोमीटर दूर चांद पर भी घर हो सकता है? शायद नहीं! लेकिन नासा ने अब इसे सच करने की दिशा में बड़ी तैयारी कर ली है। नासा के नए प्लान के अनुसार आप अपना घर एक सूटकेस में पैक करके चांद पर जा सकते हैं। सुनने में यह किसी हॉलीवुड फिल्म की कहानी जैसा लग सकता है, लेकिन वैज्ञानिकों ने इसे हकीकत में बदलने के लिए बड़ी तैयारी की है। चांद पर इंसानी बस्तियां बसाने के दशकों पुराने सपने को अब इन्फ्लेटेबल यानी हवा से फूलने वाले घरों के जरिए नासा सच करने जा रहा है। चांद पर घर बनाने के लिए सबसे बड़ी समस्या थी धरती से वहां था सामान ले जाने की। इसका समाधान वैज्ञानिकों ने इन्फ्लेटेबल हैबिटेट्स के रूप में निकाला है। ये खास तरह के लचीले, लेकिन बहुत ही मजबूत मटेरियल से बने घर होते हैं। इन्हें गुब्बारे की तरह मोड़कर छोटे पैकेट में अंतरिक्ष यान से भेजा जा सकता है और चांद पर पहुंचते ही इनमें हवा भरकर इन्हें बड़ा किया जा सकता है।

## चांद की मुश्किलों से कैसे बचना संभव?

अब आपके मन में यह सवाल आ रहा होगा कि क्या घर बनाने के बाद वहां रहना संभल हो सकता है? इसका जवाब भी नासा ने दिया है। नासा के मुताबिक चांद का वातावरण बहुत ही कठोर है, वहां न हवा है, न ही हानिकारक रेडिएशन से सुरक्षा। वैज्ञानिकों का सुझाव है कि इन इन्फ्लेटेबल घरों को फूलने के बाद लूनर रेगुलेथ यानी चांद की धूल से ढक दिया जाएगा। यह धूल इंसानों को रेडिएशन और अंतरिक्ष से गिरने वाले सूक्ष्म उल्कापिंडों से बचाएगी।

बचपन से हमें सिखाया गया है कि 'पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ'। लेकिन, क्या आपने कभी सोचा है कि बहुत ज्यादा पेड़ लगाना भी धरती के लिए मुसीबत बन सकता है? एक रिसर्च से पता चलता है कि एक नई स्टडी ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है।



# पेड़ लगाने से नहीं रुकेगी ग्लोबल वार्मिंग हर जगह प्लांटेशन करना नहीं है सही

**नई दिल्ली।** रिसर्च कहती है कि सिर्फ पेड़ लगा देने से कार्बन उत्सर्जन कम नहीं होगा, बल्कि कुछ खास जगहों पर पेड़ लगाने से धरती और भी ज्यादा गर्म हो सकती है। इसे अल्बेडो इफेक्ट कहते हैं, जो पेड़ लगाने के फायदों को खत्म कर सकता है।

- वैज्ञानिकों का डराने वाला खुलासा

**क्या है ये अल्बेडो इफेक्ट :** वैज्ञानिकों का कहना है कि पेड़ों का अपना एक रंग और बनावट होती है, जो सूरज की रोशनी के साथ अलग तरह से व्यवहार करती है। बर्फ और रेगिस्तान सफेद या हल्के रंग के होते हैं, जो सूरज की 90% गर्मी को वापस अंतरिक्ष में रिफ्लेक्ट कर देते हैं। अगर हम बर्फीले इलाकों या ऊंचे पहाड़ों पर घने, गहरे रंग के पेड़ लगा दें, तो वे सफेद बर्फ को ढक लेंगे। गहरे रंग के पेड़ गर्मी को रिफ्लेक्ट करने के बजाय सोख लेते हैं, जिससे वहां का तापमान बढ़ जाता है और बर्फ तेजी से पिघलने लगती है।



## पानी का संकट और ईकोसिस्टम

हर जगह पेड़ लगाना वहां के जल स्तर को भी बिगाड़ सकता है। कुछ पेड़ (जैसे यूकेलिप्टस) जमीन से बहुत ज्यादा पानी खींचते हैं। सूखे इलाकों में इन्हें लगाने से वहां का भूजल खत्म हो सकता है, जिससे स्थानीय घास और छोटे जीव मर सकते हैं। घास के मैदानों में जबरन जंगल उगाने से वहां की प्राकृतिक विविधता भी खत्म हो जाती है। इस रिसर्च से पता चलता है कि हर जगह 'जंगल' होना सही नहीं है। घास के मैदान और वेटलैंड्स का अपना महत्व है।


## तो क्या पेड़ लगाना छोड़ दें?

नहीं, वैज्ञानिक ऐसा बिल्कुल नहीं कह रहे हैं। उनका कहना है कि हमें 'स्मार्ट फॉरेस्टेशन' की जरूरत है। भारत, ब्राजील और अफ्रीका में पेड़ लगाना बहुत फायदेमंद है, क्योंकि यहां वे तेजी से बढ़ते हैं और बहुत ज्यादा कार्बन सोखते हैं। इसके साथ ही नए पेड़ लगाने से कहीं ज्यादा जरूरी यह है कि हम उन पुराने और घने जंगलों को बचाएं, जो पहले से ही करोड़ों टन कार्बन अपने भीतर दबाए हुए हैं।

## इंसानी भूल और ग्रीनवाशिंग


कई कंपनियां अपना 'कार्बन फुटप्रिंट' कम दिखाने के लिए धड़ाधड़ पेड़ लगा रही हैं, जिसे साइंस की भाषा में 'ग्रीनवाशिंग' कहा जाता है। वैज्ञानिक चेतावनी देते हैं कि यह केवल एक दिखावा है। असली समाधान केवल पेड़ लगाना नहीं, बल्कि फैक्ट्रियों और गाड़ियों से निकलने वाले धुएं को कम करना है।

# जमीन के 6 हजार फीट नीचे मिला सोने का खजाना!



**बीजिंग।** दुनियाभर के गोल्ड मार्केट में हलचल मचा देने वाली एक बड़ी खबर सामने आई है। भारत के पड़ोसी मुल्क चीन में एक ऐसा सोने का भंडार मिलने का दावा किया गया है, जिसे सुनकर एक्सपर्ट भी हैरान रह गए हैं। कहा जा रहा है कि यह सिर्फ एक खदान नहीं, बल्कि चीन के लिए कुबेर का खजाना साबित हो सकता है। चीन के हुनान प्रांत के वांगू गोल्ड फील्ड में मिले, इस सोने के भंडार की अनुमानित कीमत लगभग 83 अरब डॉलर बताई जा रही है, वहीं इसकी कुल मात्रा 1,100 टन तक पहुंच सकती है। अगर ये आंकड़े सही साबित होते हैं तो यह खोज दुनिया के गोल्ड इतिहास को बदल सकती है। चीन के हुनान प्रांत के भूवैज्ञानिक ब्यूरो ने पिंगजियांग काउंटी में वांगु गोल्ड फील्ड के नीचे इस भंडार की पुष्टि की है। ड्रिलिंग के दौरान 65 किलोमीटर से ज्यादा लंबी चट्टानों की जांच की गई, जिसमें सोने की 40 से ज्यादा नसें मिली हैं।







# Ex-showroom price of TVS XL100 Heavy Duty Kick Start variant in Chhattisgarh. ^ 3 years warranty included. 5 years additional warranty can be purchased. *Finance at the sole discretion of the financier. + Based on internal test conditions. As compared to BS-IV models. T&C apply.

TVS 3 YEAR WARRANTY | TVS CREDIT | SHRIRAM Finance | IndusInd Bank | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com मुख्य अधिकृत डीलर – फाफाडीह : सांई मोटर्स, मो. 6262626003, आरंग : सांई मोटर्स, मो. 6262626001, लालपुर : सांई मोटर्स, मो. 6262626006, तेलीबांधा : हीरा टीवीएस, मो. 7880134300, पंडरी : अवनि टीवीएस, मो. 9893620000, जी.ई. रोड : भारत टीवीएस, मो. 9111499111, बागबाहरा : कनिज ऑटोमोबाइल्स एलएलपी, मो. 8602425149, भिलाई : सचदेव मोटर्स प्रा. लिमिटेड, मो. 9826122334, भिलाई : ईशान ऑटोवर्ल्ड प्रा. लिमिटेड, मो. 8871212121, भिलाई : रालस ऑटोकॉर्प प्राइवेट लिमिटेड, मो. 9171759000, दुर्ग : एस. एस. डी. मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड, मो. 7693062762, दल्ली राजहरा : गुरुदेव ऑटोमोबाइल्स, मो. 9981931573, 9424101888, दंतेवाड़ा : बस्तर मोटर, मो. 9826121758, 9424283865 धमतरी : स्कूटर हाउस, मो. 9827196521, जगदलपुर : महावीर ऑटोमोबाइल्स, मो. 9516230000, कांकेर : आयशा मोटर्स, मो. 7000733800, कवर्धा : श्री गुरुनानक ऑटोमोबाइल एलएलपी, मो. 9993309707, महासमुंद : अजय ऑटोमोबाइल्स प्राइवेटलिमिटेड, मो. 9425258485, राजनंदगांव : एल.सी.के. मोटर्स प्राइवेटलिमिटेड, मो. 9993876300, 8770681011, कोंडागांव : शाई सेल्स एलएलपी, मो. 9202546512, 9556622545. अधिकृत डीलर – पखांजोर : बंगाल साइकिल एवं ऑटो पार्ट्स, मो. 9479220572, केशकल : हर्ष ऑटोमोबाइल्स, मो. 7000818373, नगरी : दिकेश ऑटो, मो. 9981761572, चारामा : एन साई टीवीएस ऑटोमोबाइल्स, मो. 9039179813, कुरुद : भिलाई ऑटो, मो. 8982652500, भखारा : समृद्धि मोटर्स, मो. 9202336345, मैनपुर : अनम ऑटो, मो. 7000618960, भानुप्रतापुर : सुभाष मोटर्स, मो. 9755249656, बंदे : रामकृष्ण ऑटो, मो. 6267093399, नारायणपुर : खुशी ऑटोमोबाइल्स, मो. 9406107712, नागरनार : श्री ऑटोमोबाइल्स, मो. 7008549433, सुकमा : पी. आर. ऑटोमोबाइल्स, मो. 9425211102, 9406204401, बीजापुर : धनलक्ष्मी ऑटोमोबाइल, मो. 9479012090, बचेली : वोलेंटइलेक्ट्रिक वाहन, मो. 9977169673, गरियाबंद : दिकेश मोटर, मो. 8720000334, रायपुर : श्री ओम ऑटो, मो. 9893369485, छुरा : पटेल ऑटोमोबाइल्स, मो. 8889994949, गोहरापदर : गणेश ऑटो केयर, मो. 9819380089, बिरगांव रायपुर : ओम श्री मोटर्स, मो. 9039358352, दोंदेखुर्द : आर.एम. मोटर्स, मो. 9826133734, भिंभौरी : भवानी मोटर्स, मो. 9926150675, राजिम : अरिहंत ऑटोमोबाइल्स, मो. 9826113240, नवापाराजिम : श्री कुशल ऑटो, मो. 8109788711, खरोरा : प्रतीक ऑटोमोबाइल्स, मो. 9827197564, नेओरा : प्रतीक ऑटोमोबाइल्स, मो. 9300414173, बालोद : सौरभ ऑटोमोबाइल्स, मो. 9111151115, गुरुर : गुरुदेव मोटर्स, मो. 9907796983, उतई : वी.के. मोटर्स, मो. 8959187052, रिसाली : नरेश मोटर्स, मो. 7898368258, पाटन : देव ऑटो, मो. 9981086462, अमलेश्वर : शिवाय ऑटोमोबाइल्स, मो. 9111070701, खैरागढ़ : रेयांश ऑटो, मो. 7415344077, 9753211132, खैरागढ़ : आर. के. ऑटोमोबाइल, मो. 7489863424, बागबहरा : खालसा ऑटो केयर, मो. 9300210400, झलाप : श्री बालाजी ऑटोमोबाइल्स, मो. 8839096897, तेंदुकोना : विजय ऑटो, मो. 9617672070, नागपुर : अभी मोटर्स, मो. 9893237240, पांडातराई : सांई मोटर्स, मो. 8305728281, पंडरिया : ज्योति एजेंसी, मो. 9893592635, खैरागांव : भारत ऑटो, मो. 9827196076, अम्बागढ़चौकी : भारत ऑटो, मो. 9827196076, मोहला : शुभम मोटर्स, मो. 9399757956, कोमाखान : कनिज ऑटो केयर, मो. 9685864876, पोटिया चौक : माय ऑटोमोबाइल्स, मो. 8839205689, माना बस्ती : एन.एस.एम. मोटर्स, मो. 7880134378, सेजबहार : यशश्री मोटर्स, मो. 8390096555, फरसगांव : श्री नारायण सेल्स, मो. 9406097792, जुनवानी : जे.डी. मोटर्स, मो. 8959187052, गंडई : सानिया मोटर्स, मो. 9575726332, गीदम : जगदम्बा ऑटो पार्ट्स, मो. 9893801015.

dentsu/har rai/03/26

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com